

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि



'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

वर्ष : 12 | अंक : 199 | लखनऊ, 13 जुलाई, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## गृहमंत्री शाह ने अहमदाबाद में की पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत

# 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' शुरू किया करोड़ों के विकास प्रोजेक्ट की सौगात दी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल शुरू की थी और यह जन आंदोलन बन गई। अर्धसैनिक बलों ने 7 वर्ष में 7 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य पूरा किया

### अहमदाबाद में विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में आयोजन किया गया



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अहमदाबाद

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने करीब 405 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। अहमदाबाद महानगर निगम की ओर से 'मिशन फाइव मिलियन ट्री' के तहत विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल शुरू की थी और यह जल्द ही जन आंदोलन बन गई। शाह ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने सात वर्ष में सात करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य शनिवार को पूरा किया।

### 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया

शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया। इसके अलावा अहमदाबाद नगर निगम, औडा और सड़क व भवन विभाग की लगभग 405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम भूपेंद्र पटेल, मेयर हितेश बारोट, कई मंत्री, सांसद, विधायक, पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



परियोजनाओं का उद्घाटन करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए

अहमदाबाद नगर निगम की ओर से विकसित 101 ऑक्सीजन पार्कों में लगभग 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें से 62 पार्क गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जहां लगभग 16 लाख पौधरोपण किया गया है। इन पार्कों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा।

### इलेक्ट्रिक बीआरटीएस बसों का शुभारंभ भी किया

शाह ने 80 नई एयर-कंडीशंड इलेक्ट्रिक बीआरटीएस बसों का शुभारंभ किया। जेबीएम कंपनी की ओर से जीसीसी मॉडल के तहत संचालित इन बसों पर हर वर्ष लगभग 42 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन बसों के शुरू होने से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक, वातानुकूलित और प्रदूषण मुक्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।फिलहाल यहां 333 बसें हैं, जिनमें 200 संचालित हो रही हैं। अब पहले चरण में 80 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें शामिल की जा रही हैं। भविष्य में पूरी बीआरटीएस सेवा को इलेक्ट्रिक फ्लीट में बदलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए एएमटीएस और बीआरटीएस के लिए कुल 325 इलेक्ट्रिक एसी बसों की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है।

### एक पेड़ मां के नाम अब जन आंदोलन बन गया

शाह ने कहा कि भारत का हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जन आंदोलन बन चुका है और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योग्य बनाए रखने की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण है। गृहमंत्री शाह ने अहमदाबाद नगर निगम के पौधरोपण कार्यक्रम और विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि वह 2029 तक अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### योगी ने शुरू किया 'पौधरोपण महायज्ञ'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर से 'प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ-2026' का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप और आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाया। सीएम योगी के साथ मंत्री संजय निषाद व अरुण कुमार सक्सेना समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डूंगरपुर में नहाने गए 4 बच्चे तालाब में डूबे



**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के लिखी बड़ी गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। वात्रक तालाब में नहाने गए 6 बच्चों में से 4 की डूबने से मौत हो गई, जबकि2 बच्चों को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लिया। मृतकों में तीन सगे भाई-बहन और उनकी फुफेरी बहन शामिल हैं।

### जोधपुर एयरपोर्ट पर उतरी पहली फ्लाइट



**जोधपुर।** प्रधानमंत्री के उद्घाटन के 8 दिन बाद रविवार को जोधपुर के नए एयरपोर्ट टर्मिनल से नियमित उड़ानों का संचालन शुरू हो गया। सुबह बेंगलुरु से आई पहली फ्लाइट ने नए टर्मिनल पर लैंडिंग की, जबकि कुछ ही देर बाद पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वागत किया।

### बदरीनाथ चढ़ावा चोरी अहम सुराग मिले



**बदरीनाथ।** मंदिर के चढ़ावे की हेराफेरी मामले की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पुलिस को मंदिर परिसर और गणना कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अहम साक्ष्य मिले हैं। फुटेज में बीकेटीसी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल मोबाइल फोन के नीचे नोटों की गड्डी, सोने-चांदी जैसे सिक्के और वस्तुएं लेकर निकलता दिखा है।

### 7 कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य सेवाएं कल से



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 14 जुलाई को तेलंगाना के सनथनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल से देशभर में 7 कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे नए ओपीडी ब्लॉक का प्रत्यक्ष उद्घाटन करेंगे।

## संसद का मानसून सत्र

# 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक में सरकार बताएगी विधायी एजेंडा





अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। संसद के प्रत्येक सत्र से पहले आयोजित होने वाली इस बैठक में सरकार अपने विधायी एजेंडे की जानकारी देगी, जबकि विपक्षी दल उन मुद्दों को सामने रखेंगे जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं।अधिकारियों का कहना है कि सरकार का विधायी एजेंडा इस बार काफी व्यापक है और सत्र के दौरान कई अहम विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। कुछ विपक्षी दलों में मतभेद और विभाजन के कारण सत्र हंगामेदार रह सकता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से 13 अगस्त 2026 तक बुलाने को मंजूरी दी है।

### बंगाल चुनावों के बाद हो रहा सत्र

विधानसभा चुनावों में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में उथल-पुथल देखने को मिली है। पार्टी के 20 सांसदों ने 'नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' में विलय कर लिया है। इन सांसदों ने लोकसभा में अलग aबैठने की व्यवस्था की मांग भी की है। इसके अलावा, पार्टी के तीन सांसदों ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है।

### विपक्ष इन मुद्दों को उठाएगा

शिवसेना (यूबीटी) में भी विभाजन हुआ है। लोकसभा में पार्टी के 6 सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। राज्यसभा में आपके 7 सांसद पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से नीट-यूजी पेपर लीक का मामला और ऑपरेशन सिंदूर में हुई हताहतों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों का मुद्दा उठाए जाने की संभावना है। कांग्रेस ने रक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया है। प्रस्तावित 130वें संविधान संशोधन विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट अपनाने की उम्मीद है। इसके बाद समिति संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## कर्नाटक में परिवहन मंत्री ही शिकार

# छुट्टे पैसे नहीं दे सकते तो उतरो कंडक्टर ने बस से नीचे उतारा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



कर्नाटक के परिवहन मंत्री बायराथी सुरेश ने बेंगलुरु में शनिवार रात एक औचक निरीक्षण करने निकले और वह एक बस में चढ़े। कंडक्टर ने मंत्री को बस से नीचे उतरने की हिदायत दे दी। मंत्री ने बेंगलुरु में 2 घंटे तक 10 से अधिक बीएमटीसी बसों में मास्क पहनकर सफर किया, ताकि सेवाओं का निरीक्षण कर सकें। ड्राइवर और कंडक्टर को सस्पेंड कर दिया। खुले पैसे न होने से उन्हें उतार दिया।

### मंत्री चुपचाप उतर गए

100 रुपए का नोट देख कंडक्टर ने उनसे खुल्ले पैसे मांगे। जब मंत्री ने कहा कि उनके पास खुल्ले पैसे नहीं है तो कंडक्टर ने कहा उसके पास भी छुट्टा पैसे नहीं है। उसने कहा कि अगर उनके पास छुट्टा पैसे नहीं है तो वह बस से उतर जाएं। कंडक्टर को इस बात का जरा भी आभास नहीं था कि वह राज्य के परिवहन मंत्री हैं। इसके बाद मंत्री चुपचाप बस से उतर गए।

## कोलकाता में 'स्पेशल 26' की तरह लूट

# पुलिस के भेष में आए लुटेरों ने कारोबारी से लूटे 2 करोड़

अमन लेखनी समाचार/कोलकाता



राजधानी कोलकाता के एक कारोबारी के दफ्तर में शुक्रवार को पुलिस का भेष बनाकर आए लुटेरों ने रेड के बहाने कथित तौर पर 2 करोड़ रुपए लूट लिए। यह घटना फिल्म स्पेशल 26 से मेल खाती है। पुलिस ने कहा कि लुटेरों ने दक्षिणी कोलकाता के कारोबारी को बताया कि वे पुलिस डिटेक्टिव हैं और प्रतापादित्य रोड पर स्थित उनके ऑफिस में भारी मात्रा में कैश की तलाशी लेने आए हैं।

### कारोबारी और कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए


पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने पहले कारोबारी को फर्जी पहचान पत्र दिखाए और फिर कारोबारी और उनके कर्मचारियों के फोन भी जब्त कर लिए। लुटेरों ने कर्मचारियों को धमकाया कि उनसे ऑफिस में रखे कैश के बारे में पूछताछ की और पता लगाया कि वह एक वॉल्ट (तिजोरी) में रखा है।

## दो शहरों में महिलाओं ने पार्टी पर लगाए सनसनीखेज आरोप

यूटीबी के पूर्व सांसद पर बहू के गंभीर आरोप

# गोमूत्र पिलाया, बाल नोचे और मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना दी

अमन लेखनी समाचार/ मुंबई



उद्धव ठाकरे गुट के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद विनायक राउत के परिवार के खिलाफ उनकी बहू गिरिजा राउत ने मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना और अंधविश्वास से जुड़े कई सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। बहु की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरअसल, विनायक राउत की बहू गिरिजा राउत ने आरोप लगाया है कि पति की बांझपन की समस्या को लेकर ससुराल वालों ने उसे तांत्रिकों के पास जाने, अंधविश्वास के नाम पर बाल नोचने और जबरन गोमूत्र पीने पर मजबूर किया।

### पूर्व टीएमसी विधायक पर आरोप

### बाल मुंडवाए, ब्लेड से जीभ काटने की कोशिश भी की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बरुईपुर में छठी की छात्रा के साथ कुछ दिन पहले ही रेप और हत्या का मामला सामने आया था। इसके कुछ दिनों बाद 30 साल की एक महिला ने आरोप लगाया है कि नरेंद्रपुर में प्रॉपर्टी के झगड़े को लेकर टीएमसी की पूर्व विधायक फिरदौसी बेगम से जुड़े कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। उसके साथ मारपीट की गई, उसके बाल मुंडवा दिए गए और हमलावरों ने ब्लेड से उसकी जीभ काटने की कोशिश की।

## कालेश्वरम प्रोजेक्ट पर बीआरएस और रेवंत रेड्डी भिड़े

# किसी ने साइको कहा तो कोई बेल्ट ट्रीटमेंट पर उतरा, बीआरएस ने माफी की मांग की

### सियासी विवाद और तेज हो गया

अमन लेखनी समाचार/हैदराबाद

तेलंगाना में कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को लेकर सियासी विवाद और तेज हो गया है। सीएम रेवंत रेड्डी की प्रोजेक्ट पर की गई टिप्पणियों को लेकर विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने कड़ा विरोध जताया है। बीआरएस ने रेड्डी से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। विवाद की वजह सीएम का वह बयान था जिसमें उन्होंने विपक्षी नेताओं को 'बेल्ट ट्रीटमेंट' देने की बात कही। उन्होंने यह भी



कहा कि अगर उनका खून, अहंकार और चर्बी खेतों में गिरे तो किसान उसकी खाद के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने बीआरएस नेताओं केटी.रामाराव और टी. हरीश राव पर भी तीखा हमला बोलते हुए उन्हें कालेश्वरम परियोजना में कूद जाने तक की टिप्पणी कर दी।

### बीआरएस ने रेड्डी पर साधा निशाना

बीआरएस के हरीश राव ने कहा कि अगर किसानों को पानी देने में उनका खून ही बाधा है तो वे इसके लिए भी तैयार हैं, लेकिन किसानों को सिंचाई का पानी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विपक्ष का खून खेतों में बहाने या बेल्ट ट्रीटमेंट जैसी भाषा का प्रयोग स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक गलती स्वीकार कर बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

## केंद्रीय मंत्री बिट्टू का 'सतलुज' के निर्माताओं को चैलेंज

# '25 हजार लापता' वाले आंकड़े को सही साबित करो

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि फिल्म के



निर्माताओं ने विवादित दावों को स्थापित इतिहास के तौर पर पेश करने के लिए क्रिएटिव फ्रीडम की ढाल का इस्तेमाल नहीं कर सकते। बिट्टू ने कहा कि मैं निर्माताओं और डायरेक्टर को खुली चुनौती देता हूं कि वे पंजाब के लोगों के सामने वे सभी डॉक्यूमेंट्री सबूत, रिकॉर्ड, न्यायिक नतीजे और प्रमाणित डेटा पेश करें।

### प्रमाणित डेटा पेश करें, जिसके आधार पर इसे पेश किया

#### संवैधानिक और कानूनी विकल्प पर विचार करेंगे



बिट्टू ने कहा कि अगर सतलुज के निर्माता सही समय में डॉक्यूमेंट्री सबूत पब्लिक करने में नाकाम रहे, तो वह सभी मौजूद संवैधानिक और कानूनी विकल्प पर विचार करेंगे ताकि यह पक्का हो सके कि इतिहास देश के सामने फैक्ट्स के उलट तरीके से पेश न किया जाए। पंजाब के मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर बनी फिल्म सतलुज इन दिनों पंजाब के कई गांवों में दिखाई जा रही है। ऐसा ही एक गांव लुधियाना के जंगपुर में है, जहां एक गुरुद्वारे के बगल में खाली प्लॉट में गुरुवार की रात को फिल्म की स्क्रीनिंग की गई।

### इतिहास कहानियों के आधार पर नहीं लिखा जा सकता

बिट्टू ने कहा कि पंजाब का इतिहास चुनिंदा कहानियों के आधार पर दोबारा नहीं लिखा जा सकता। हमेशा प्रोपेगेंडा से, फैक्ट्स को फिक्शन से और सबूतों को इमोशंस से ज़्यादा जीतना चाहिए। पंजाब में मिलिटेंट्स द्वारा हिंदुओं, बस पैसेंजर्स, दुकानदारों, कर्मचारियों को क्यों दिखाय गया।

### अनुमान के आधार पर क्यों पेश किया गया?

बिट्टू ने कहा कि अगर यह आंकड़ा सिर्फ एक अनुमान या आरोप पर आधारित है, तो इसे फिल्म में एक निर्विवाद ऐतिहासिक तथ्य के रूप में क्यों पेश किया गया है? दर्शकों को यह क्यों नहीं बताया गया कि यह संख्या किसी न्यायिक कमीशन द्वारा पक्के तौर पर स्थापित नहीं की गई है? इससे भी ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि पंजाब के उग्रवाद के दौर के इतिहास को एकतरफा तरीके से पेश किया गया है।

# पेट्रोल-डीजल के कालाबाजारी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## टैंकर से ईंधन चोरी कर चल रहा था करोड़ों का खेल

अमन लेखनी समाचार


पुलिस की गिरफ्त में चारों आरोपी


बड़ी मात्रा में कैनो में भरा पेट्रोल बरामद

लखनऊ। पेट्रोल-डीजल की चोरी, मिलावट और कालाबाजारी के खिलाफ अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मलिहाबाद के सन्यासीबाग गांव में चल रहे अवैध कारोबार का पदार्फाश किया है। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल, मिलावटी पेट्रोल, साल्वेंट, 64 प्लास्टिक कैन भरे समेत कई अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) किरन यादव के नेतृत्व में अपराध शाखा की टीम ने रविवार दोपहर सन्यासीबाग ओवरब्रिज/फ्लाईओवर के पास एक मकान पर छापा मारा। जहां एक पेट्रोलियम टैंकर और एक अन्य वाहन खड़ा मिला। जांच में सामने आया कि टैंकर एचपीसीएल के अमौसी टर्मिनल से विधानसभा मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के लिए पेट्रोल और डीजल लेकर निकला था, लेकिन रास्ते में टैंकर से ईंधन निकालकर अवैध रूप से बेचा जा रहा था।

मौके पर आबकारी विभाग की टीम को बुलाकर जांच कराई गई। जांच में पेट्रोल और डीजल में मिलावट और अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने 7,750 लीटर पेट्रोल, 4,000 लीटर डीजल, करीब 1,150 लीटर मिलावटी पेट्रोल, 3,200 लीटर साल्वेंट, करीब 250 लीटर अतिरिक्त पेट्रोल, एक मास्टर चाबी, डिप रॉड, पाइप, कीप और अन्य उपकरण बरामद किए।

### 75 रुपये प्रति लीटर बिकता था चोरी का पेट्रोल

पूछताछ में टैंकर चालक रामतीर्थ ने बताया कि वह रास्ते में टैंकर से पेट्रोल निकालकर मलिहाबाद के सन्यासीबाग निवासी अनिल कुमार को 75 रुपये प्रति लीटर की दर से बेच देता था। अनिल कुमार उस ईंधन में साल्वेंट मिलाकर अधिक कीमत पर लोगों को बेचता था। इस धंधे में अभिषेक राजपूत और धीरज सिंह भी उसका साथ देते थे।

पुलिस ने अनिल कुमार, अभिषेक राजपूत निवासी मोहल्ला बरगद तला काकोरी, धीरज सिंह निवासी पिलखना थाना हसनगंज जनपद उन्नाव और रामतीर्थ निवासी भानापुर आबिद नगर थाना नौनार जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मलिहाबाद अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा का कहना है कि पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की तलाश भी जारी है। अपराध शाखा के अनुसार, ऐसे गिरोहों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सीएनजी गैस सिलेंडरों से लदा डीसीएम बाइक को टक्कर मारने के बाद दो किलोमीटर घसीटा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात बड़ा हादसा होते होते बच गया। हुआ यह कि सीएनजी गैस सिलेंडरों से लदा एक तेज रफ्तार डीसीएम बाइक को टक्कर मारने के बाद करीब दो किलोमीटर तक घसीटता रहा। इस दौरान बाइक सड़क पर घिसटती रही और उससे लगातार चिंगारियां निकलती रहीं। खतरे की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने डीसीएम का पीछा कर कड़ी मशक्कत के बाद उसे दरोगा खेड़ा के आगे रुकवाकर डीसीएम चालक को डीसीएम सहित सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। बंथरा थाना क्षेत्र के सैदपुर पुरही निवासी शिवांश मिश्रा के मुताबिक वह हजरतगंज स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शिवांश का कहना है कि शनिवार रात वह ड्यूटी से लौट रहे थे। तभी रात करीब 10 बजे सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे के पास पानी पीने के लिए रुके। बाइक की बैग से बोतल निकाल कर पानी पीने के बाद जब बोतल बैग में रखने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रहे डीसीएम (यूपी-32 टीएन 9240) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक डीसीएम के अगले हिस्से में फंस गई, जबकि शिवांश सड़क किनारे गिर गया और बाल-बाल बच गया। लेकिन घटना के बाद भी डीसीएम चालक ने वाहन नहीं रोका। बाइक डीसीएम में फंसी रही और वह तेज गति में डीसीएम लेकर बंथरा की ओर भागता रहा। इस दौरान पीछे चल रही जीप पर सवार ट्रैफिक पुलिस कर्मी लगातार उसे गाड़ी रोकने का इशारा करते रहे। लेकिन चालक नहीं रुका। बाइक से उठ रही चिंगारियों के कारण डीसीएम में लदे सीएनजी सिलेंडरों में आग लगने की आशंका को लेकर आखिरकार ट्रैफिक पुलिस ने आगे अपनी जीप लगाकर डीसीएम को रुकवाया। पुलिस के मुताबिक उस दौरान डीसीएम चालक काफी नशे की हालत में मिला। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर चालक को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि डीसीएम चालक ने अपना नाम उन्नाव जिले के सोहरामऊ थानान्तर्गत आशाखेड़ा निवासी सज्जन बताया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

# बिखर रहे पारिवारिक और सामाजिक संबंध : धीरेन्द्र वशिष्ठ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संयुक्त परिवार की व्यवस्था से अलग आज एकल परिवार में सदस्यों को संबल देने वालों का अकाल सा है, ऐसे में रिश्ते टूट और बिखर ज्यादा रहे हैं। व्यक्ति तनाव और अवसाद का शिकार हो रहे हैं। ये कहना था मुख्य अतिथि राम कथा वाचक धीरेन्द्र वशिष्ठ का। उन्होंने कहा कि समाज मनुष्य को भ्रष्ट करता है मनुष्य अबोध बालक के रूप में जनम लेता है। जो स्वभाव से सरल और सीधा होता है। समाज में आने के बाद संपत्ति, लालच और ऊंच-नीच की भावना उसका स्वभाव परिवर्तित करके भ्रष्ट बना देती है। मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है, लेकिन हर जगह वह जंजीरों में जकड़ा हुआ है। 'परिवारिक और सामाजिक संबंधों का वर्तमान स्वरूप' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन अवध फाउण्डेशन की ओर से जानकीपुरम कार्यालय सभागार सभागार में किया गया था। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के अध्यक्ष सूरजदेव शुक्ल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सतयुग से कलियुग तक पारिवारिक संबंधों का निरंतर पतन होता गया। इसे सुधारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन करने के पश्चात बीना मिश्रा के शिष्यों अराध्या मिश्रा, अद्वैत मिश्रा, साक्षी मिश्रा, रचित मिश्रा द्वारा के श्रीराम स्तुति व हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। रामप्रकाश त्रिपाठी के संचालन में डॉ काशीनाथ पांडेय ने कहा परिवार के बिना शिक्षा, ज्ञान, विकास किसी बच्चे का नहीं हो सकता। प्राचीन भारतीय संस्कृति सभी अपने कर्तव्य बताती थी, लेकिन प्रदूषित पाश्चात्य संस्कृति अधिकार सिखा रही है, जो पतन का कारण है। बीना मिश्रा ने रामायण के चरित्रों को काव्य में ढालकर परिवार का महत्व बताया। बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने समाज और देश की ईकाई परिवार को बताया। कार्यक्रम में शिक्षाविद्, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और युवाओं के संग काशीनाथ पाण्डेय, आरडी शुक्ला, शिवकुमार पांडेय, छठ कुमार शुक्ला, आर सी त्रिपाठी, जानकी शरण शुक्ला, टीएन शुक्ला, लक्ष्मी नारायण दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# शांति नगर व्यापार मंडल और क्षेत्रीय व्यापारियों ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में रविवार को शांति नगर व्यापार मंडल और क्षेत्रीय व्यापारियों ने सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। विधायक शांति नगर स्थित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी कानपुर रोड स्थित मंगलम गेस्ट हाउस मोड़ पर व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें रोककर अपनी मांगों से अवगत कराया।

ज्ञापन में एनएचएआई और प्रशासन द्वारा बंद किए गए शांति नगर के रास्ते को तत्काल खोलने, नगर निगम क्षेत्र में नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए दरोगा खेड़ा से आगे एक्सप्रेसवे के नियम लागू करने और आंदोलन के दौरान व्यापारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई। व्यापारियों का कहना था कि सरोजनी नगर क्षेत्र वर्ष 1989 से दरोगा खेड़ा तक नगर निगम की सीमा में शामिल है, इसलिए नगर निगम क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के नियम लागू करना उचित नहीं है। व्यापारियों ने विधायक को बताया कि राजधानी के नगर निगम क्षेत्र में अन्य किसी स्थान पर राजमार्ग नहीं माना जाता। उनका कहना था कि हाइडिल और गौरी बाजार में लगने वाले भीषण जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से इस फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया है। इसलिए एक्सप्रेसवे की सीमा दरोगा खेड़ा के आगे से मानी जानी चाहिए, ताकि स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, स्कूलों के छात्रों और आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा से शीघ्र विस्तृत बैठक कर समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शांति नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रितेश सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री दिलीप द्विवेदी, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र हजेला, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंह, संगठन मंत्री सरदार हरजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पाल, सरोजनी नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद हजेला, बिजनौर व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्रुव यादव, नादरगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, प्रभारी अनीश खान बल्लू, महामंत्री महताब यादव, महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी, विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, स्कूल प्रबंधक, अभिभावक व तमाम व्यापारी, पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे उद्घाटन पर यातायात डायवर्जन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। नवनिर्मित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर सोमवार 13 जुलाई को दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक यातायात पुलिस ने व्यापक डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। इस दौरान विभिन्न मार्गों पर भारी, बड़े और व्यावसायिक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। यातायात पुलिस के मुताबिक बंथरा स्थित जुनाबगंज तिराहे से दरोगाखेड़ा की ओर जाने वाले भारी वाहन सिसेंडी तिराहे होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। बंथरा बाजार से दरोगाखेड़ा जाने वाले बड़े वाहन बंथरा थाना तिराहे से बिजनौर चौराहा होकर जाएंगे। दरोगाखेड़ा से स्कूटर इंडिया, स्कूटर इंडिया से गौरी बाजार तथा गौरी बाजार से कार्यक्रम स्थल की ओर भी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और उन्हें किसान पथ, बिजनौर थाना व नहर तिराहा जैसे वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। वहीं सीतापुर, हरदोई, सुल्तानपुर, फैजाबाद और रायबरेली की ओर से आने वाले भारी वाहन किसान पथ से कानपुर रोड पर नहीं जा सकेंगे। इनके लिए बिजनौर अंडरपास, सिसेंडी मोड़ और जुनाबगंज तिराहा होकर वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। जबकि नादरगंज तिराहे से सैनिक स्कूल तिराहे की ओर जाने वाले व्यावसायिक वाहन अमौसी रेलवे स्टेशन रोड से अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। यातायात पुलिस ने कहा है कि वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकीय आपात स्थिति में एंबुलेंस, शव वाहन, फायर ब्रिगेड और स्कूली वाहनों को आवश्यकतानुसार प्रतिबंधित मार्गों से भी गुजरने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा का भव्य स्वागत, सौरभ सिंह की रही सक्रिय भूमिका

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा के पदभार ग्रहण एवं स्वागत समारोह का आयोजन रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम में लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए पूरे कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रति कार्यकताओं का जोश अनुशासन और एकजुटता देखने को मिली। लखनऊ जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' के नेतृत्व में मोहनलालगंज क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकताओं का जत्था कार्यक्रम स्थल पहुंचा कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए भारत माता एवं भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए स्वागत के दौरान पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में युवा नेता सौरभ सिंह विशेष रूप से सक्रिय नजर आए उन्होंने कार्यकताओं के साथ स्वागत समारोह में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई तथा संगठनात्मक व्यवस्थाओं और कार्यकताओं के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई युवा कार्यकताओं के बीच उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता की उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सराहना की कार्यक्रम के दौरान सौरभ सिंह लगातार कार्यकताओं के साथ मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य करे उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवाओं की ऊर्जा और समर्पण के बल पर संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगा। कार्यक्रम में युवा नेता एवं भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी ऋषभ द्विवेदी ने भी स्वागत व्यवस्था एवं संगठनात्मक समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहीं समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' की सक्रियता की भी सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर भाजपा नेता नवीन मिश्रा, सौरभ सिंह, अंकित मिश्रा, अमन मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी हेमू सिंह, विकास सिंह, अतुल तिवारी, गुड्डू सिंह, गुलाब सिंह उर्फ गुड्डू, सर्वेश बाजपेयी, अंशुमान सिंह, प्रखर सिंह, प्रांजुल सिंह सहित सैकड़ों भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे पूरे आयोजन में अनुशासन संगठनात्मक एकजुटता और युवाओं का उत्साह आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# हुसैनाबाद के छोटे इमामबाड़े में याद-ए-जनाब-ए-सकीना का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंजुमन गुलजारे पंजतन ने हुसैनाबाद के इमामबाड़ा मोहम्मद अली शाह छोटा इमामबाड़ा में याद-ए-जनाब- ए-सकीना का आयोजन किया। हर साल की तरह इस साल भी मोर्हरम के अंतिम रविवार को याद-ए-जनाब-ए-सकीना में मौलाना की तकरीर के बाद अकीदतमंदों को कैदखाना-ए-शाम की शबीह की जियारत करायी गयी। दोपहर दो बजे से तिलावते कलामे पाक से शुरू हुए आयोजन में पहले शायरों ने बारगाहे इमाम हुसैन में अपने कलामों से नजराना-एअकीदत। पेश की। इसके बाद मजलिस को दिल्ली से आये मौलाना नामदार अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के दौरान मौलाना ने इमाम हुसैन और उनकी चार साल की बेटी हजरत जनाबे सकीना पर हुए जुल्मों को बयान किया। जिसको सुनकर अकीदतमंद अश्कबार हो उठे। मौलाना ने अपने बयान में बताया कि इमाम हुसैन की चार साल की बेटी को तीन दिन भूखा और प्यासा रखे जाने के बाद उन्हें मैदाने कर्बला से शाम ले जाया गया, जहां उन्हें कैद कर दिया गया। उसी कैदखाने में बीबी सकीना शहीद हो गईं। यादे सकीना में जनाबे सकीना के चाहनें वालों को उसी कैदखाना- ए-शाम की शबीह की जियारत करायी गयी। कैदखाना-ए-शाम की शबीह की जियारत करते ही अकीदतमंद फूट-फूटकर रोने लगे। मजलिस के बाद जीशान आजमी ने तकरीर में बीबी जनाबे सकीना पर हुए जुल्म और अपने वालिद इमाम हुसैन से उनकी मोहब्बत और फूफी जनाबे जैनब और भाई इमाम जैनुलआब्दीन के साथ गुजरी मुसीबतों का जिक्र किया। इस दौरान अजादारों को हजरत अब्बास के अलम, इमाम जैनुलआब्दीन (अस) के ताबूत, हजरत अली असगर के झूले और दुलदुल की भी जियारत करवायी गयी। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न अंजुमनों ने नौहाख्वानी करके इमाम हुसैन को उनकी चहेती बेटी जनाबे सकीना का पुर्सा दिया। यादे जनाबे सकीना की अलविदाई मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास दानिश ने खिताब किया। जिसमें उन्होंने जनाबे सकीना के मसाएब बयान किये। इसके बाद आयोजक अंजुमन गुलजारे पंजतन ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। अंजुमन के साहबे बयाज दिलावर हसन ने कैद खाने में यह कहती थी सकीना भाई, जुल्म आदां ने किया हम पे यह कैसा भाई नौहा पढ़ा। जिस पर सीनाजनी करके जनाबे सकीना को याद किया गया। इस दौरान भरी संख्या में अकीदतमंदों ने खासतौर से महिलाओं और छोटी बच्चियों ने शिरकत की।

# कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित है सनी देओल व अक्षय खन्ना की 'इक्का'

अमन लेखनी समाचार




- कास्ट : सनी देओल, अक्षय खन्ना, तिलोत्तमा शोम, दीया मिर्जा
- डायरेक्टर : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा

**रेटिंग-2.5/5**

**लखनऊ।** सनी देओल और अक्षय खन्ना की फिल्म इक्का रिलीज हो गई है। फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित है। इस फिल्म में 2 टैलेंटेड स्टार्स होने की वजह से फैंस इसके लिए काफी एक्साइटेड थे। अब फिल्म रिलीज हो गई है स्टोरी को अल्थिया कौशल ने लिखा है और इसकी स्टोरी सोमा मित्तल (अकांक्षा रंजन कपूर) पर निर्धारित है जो शौर्यामन गौर (अक्षय खन्ना) के साथ पार्टी करती है एक रात और फिर अगला सीन होता है कि वह सड़क पर नजर आती हैं आधी मरी हुई। जो आईविटनेस है वो है शौर्यामन जिसे गिरफ्तार कर दिया जाता है।

एक पावरफुल नेता होने के नाते, शौर्यमन स्पेशयली अर्जुन मेहरा (सनी देओल) को अपने वकील के लिए चुनने को बोलता है। अर्जुन हालांकि मना कर देता है और कहता है कि सिर्फ कोई चमतकार ही होगा जिस वजह से वह इस केस को लेंगे। लेकिन तभी उसी दिन उसकी बेटी को कैंसर होता है और फिर उसे शौर्यमन के पास आना पड़ता है। बस इसी से होती है फिर इक्का की शुरूआत। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा द्वारा डायरेक्टेड इस फिल्म में 2 लीड रोल में हैं और इसमें कोर्टरूम बैटल दिखाई गई है, लेकिन कई बार ऐसा हुआ कि कोर्टरूम बैटल कम दिखाई जाती है शौर्यमन और अर्जुन की पर्सनल स्टोरीज के बीच में। दिक्कत यह है कि वो स्टोरीज भी पूरी नहीं बनके निकलकर आई हैं।

समझ नहीं आया कि ये मेकर्स का फैसला है या फिर अक्षय खन्ना की खुद की वजह रही है, लेकिन ऐसा लग रहा था कि धुरंधर का हैंगओवर नजरअंदाज करना मुश्किल है। विग को छोड़ दें क्योंकि वो अजीब लग रही है बाकी ऐसा लग रहा है फिल्म उसके प्रभाव को बनाने में पूरी तरह से लगी हुई है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक आदमी को कोर्ट में बुलाया जाता है मर्डर केस में और वह स्लो मोशन एंट्री लेता है और पीछे बैकग्राउंड में म्यूजिक चलता है। ऐसा लगता है जैसे कोई सुपरहीरो एंट्री ले रहा है। यहां पर परफॉर्मेंस भी ज्यादा मदद नहीं करती दिखी हैथ। पूरी फिल्म के दौरान किरदार बस यही बोलते रहे कि अर्जुन मेहरा कितना बेहतरीन वकील है। लेकिन दर्शकों को दिखाया ही नहीं गया कि क्यों है। सनी एक इमोशनल कनेक्शन बनाने में नाकामयाब रहे। अक्षय का भी रोल कुछ धुरंधर के रहमान डकैत से मिलता हुआ सा लगा। दीया मिर्जा को देखकर लग रहा है कि वह वही पुराने रोल करती दिख रही हैं। अल्फा में एक परेशान मां के बाद वह इक्का में एक हेल्पलेस मां के किरदार में नजर आईं। तिलोत्तमा शोम का जो सरकारी वकील का रोल दिया गया, उसे ठीक से नहीं लिखा गया है, जो निराशाजनक है। ओवरऑल इक्का में आपको इसके ट्विस्ट और कानूनी लड़ाई कम देखने को मिलेंगे जैसे कोर्टरूम ड्रामा में होता है। आप ये सोचने पर जरूर मजबूर हो जाएंगे कि सनी देओल और अक्षय खन्ना जैसे स्टार्स की फिल्म ऐसे आम तरीके से खत्म हो रही है।

# भगवान की शरणागति ही मनुष्य की रक्षा का एकमात्र साधन है : रामशरण दास

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** श्री दुगार्जी मंदिर शास्त्री नगर में चल रही भागवत कथा में रविवार को वृंदावन से पधारे प्रज्ञाचक्षु संत रामशरण दास जी महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की सुंदर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की शरणागति ही मनुष्य की रक्षा का एकमात्र साधन है। कथा में महाराज जी ने कहा कि एक हाथी अपने कुटुंब को सरोवर में जल पिलाने गया। हथिनी ने बच्चे के लिए गहरे पानी से कमल का फूल लाने को कहा। गहरे पानी में उतरते ही मगरमच्छ ने हाथी का पैर पकड़ लिया। हथिनी ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन जब लगा कि हाथी का बचना मुश्किल है तो सब उसे अकेला छोड़कर चले गये। हाथी तब समझा कि संसार में सब स्वार्थी हैं। महाराज जी तब भजन सुनाते हैं ....नारायण अब तो सुध लीजे, ग्राह गरासे गजराज खड़ो है, शरण आपकी लीजे ...। हाथी की प्रार्थना सुन श्री हरि प्रकट होते हैं और हाथी को मगरमच्छ से मुक्ति दिलाते हैं। महाराज जी कहते हैं कि ये हाथी हम ही हैं। यह कथा हमें सीख देती है कि सांसारिक बंधनों से मुक्ति का एकमात्र मार्ग ईश्वर की सच्ची भक्ति है।

## बाल संस्कारशालाओं को गली मोहल्ले तक दिया जायेगा विस्तार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित बाल संस्कारशालाओं का विस्तार गली - मोहल्ले तक किया जाएगा। बाल संस्कारशालाओं के प्रभावी संचालन व विस्तार के उद्देश्य से रविवार को बाल संस्कारशाला संचालकों का एक समागम आयोजित किया गया। इसमें शहर से लगभग 40 बाल संस्कारशाला संचालकों ने हिस्सा लिया। संचालक, वशिष्ठ बाल संस्कारशाला इंद्रेश मिश्र ने बताया कि समागम में संस्कारशालाओं के नियमित संचालन, बच्चों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के विकास, गुणवत्ता वृद्धि व प्रत्येक गली-मोहल्ले तक संस्कारशालाओं के विस्तार किए जाने चर्चा हुई और सहमति बनी। इस दौरान सभी ने बाल संस्कारशाला अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला फल विक्रेता का शव

उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा मोहल्ले में रविवार सुबह एक 36 वर्षीय फल विक्रेता का शव उसके घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान विनोद (36) पुत्र राम जीवन के रूप में हुई है, जो गदन खेड़ा, थाना कोतवाली उन्नाव के निवासी थे। विनोद शहर में फल का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह अपने दो भाइयों और तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थे। परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह करीब चार बजे उन्होंने घर के अंदर फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि विनोद का अपनी पत्नी पुष्पा देवी से कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। हालांकि, उन्होंने किसी पर सीधे तौर पर आरोप नहीं लगाया और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की।विनोद अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनमें एक बेटा और दो बेटियां शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विनोद मेहनती थे और रोजाना फल का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। निरीक्षक अपराध राजेश यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मिल सकेगी। पुलिस परिजनों और अन्य लोगों से भी पूछताछ कर रही है। यदि जांच में कोई संदिग्ध तथ्य सामने आते हैं तो उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायालय के आदेशो का अनुपालन नहीं होने से बढ़ रहे अपराध

बीघापुर, उन्नाव। साधारण व आम आदमी न्याय पाने के लिए न्यायालय की शरण में जाता है सालों न्यायालय के चक्कर लगाने के बाद जब उन्हें न्यायालय से आदेश मिल जाता है तब उस आदेश का अनुपालन कराने के लिए थाना व तहसील के चक्कर काटने लगता है पुलिस कहती है कि यह तो राजस्व का मामला है आदेश का पालन करना राजस्व की जिम्मेदारी वहीं राजस्व के अधिकारी से लेकर कर्मचारी कह कर टाल देते हैं कि कब्जा दिलाना पुलिस का काम है थाना व तहसील जिले के चक्कर काटते काटते पीड़ित थक जाता है वहीं से अपराध की उत्पत्ति हो जाती हैं आपराधिक प्रभावशाली व्यक्ति लोगों की पकड़ भ्रष्ट अधिकारियों से होने के कारण न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं हो पता जिससे अराजकता बढ़ती है और अपराधियों के हौसले और बुलंद होते जाते हैं जब अदालती फसलों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं तब न्याय व्यवस्था से आम जनता का भरोसा उठ जाता है और अपराध की वृद्धि होने लगती है। न्यायपालिका के आदेशों का अनुपालन नहीं होने से न्यायपालिका की गरिमा पर ठेस पहुंचता है वही आम जनता का भरोसा न्यायपालिका से उठने लगता है इसका सीधा फायदा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को मिलता है जिसके कारण अक्सर लड़ाई झगड़ा हत्याएं तक हो जाते हैं बढ़ते अपराध के जिम्मेदार पुलिस विभाग व प्रशासनिक अधिकारी होते हैं

# राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान मौत शव पहुंचा घर मची चीख पुकार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र निवासी 17 साल के एनडीए कैडेट अभिनव बाजपेई का पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में प्रशिक्षण के दौरान निधन हो गया। शुक्रवार सुबह नियमित फिजिकल ट्रेनिंग (पीटी) के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तत्काल खड़कवासला स्थित आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद एनडीए प्रशासन ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। रविवार सुबह अभिनव का पार्थिव शरीर एयर बस से लखनऊ लाया गया, जहां से सड़क मार्ग से होता हुआ उन्नाव के नेहरू नगर स्थित आवास पहुंचा। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। गॉर्ड ऑफर ऑनर के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिता प्रदीप कुमार बाजपेई ने बेटे को मुखाग्नि दी। अभिनव गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी प्रदीप कुमार बाजपेई के इकलौते पुत्र थे। उन्होंने वर्ष 2026 में केंद्रीय विद्यालय कैंट, कानपुर से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उनका चयन देश की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्थाओं में से एक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हुआ। देश की सेवा का सपना लेकर वह 24 जून को पुणे के खड़कवासला स्थित एनडीए में प्रशिक्षण के लिए पहुंचे थे। लेकिन महज 17 दिन बाद ही प्रशिक्षण के दौरान उनकी मौत हो गई।बेटे का शव देख पिता प्रदीप कुमार बाजपेई के आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा- मैं चाहता था कि मेरा बेटा डॉक्टर बने, क्योंकि मैं अस्पताल में काम करता हूं। लेकिन वह एनडीए में शामिल होकर सेना में अधिकारी बनना चाहता था। मैंने कभी अपनी इच्छा उस पर नहीं थोपी। वह डॉक्टर या इंजीनियर बनने के भी योग्य था, लेकिन उसका सपना देश की सेवा करना था। मैंने अभिनव के एनडीए में शामिल होने के सपने का कभी विरोध नहीं किया। पर आज लगता है कि उसके सपने का साथ देना मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल थी। भगवान ने मुझसे सब कुछ छीन लिया। पिछले महीने मैं खुद ही बेटे को एनडीए छोड़ने पुणे गया था। अंतिम बार उसका मुस्कुराता चेहरा आंखों के सामने से जा ही नहीं रहा। एनडीए जाने के बाद भी उनकी नियमित बातचीत होती थी। वह हमेशा मुझसे कहता था- 'पापा, चिंता मत करो। मैं ठीक हूं। ट्रेनिंग मुश्किल है, लेकिन मुझे मजा आ रहा है। मैं इसे पूरा कर लूंगा।' मुझे क्या पता था कि यही हमारी आखिरी बातचीत होगी।एनडीए की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह अभिनव अपनी पहली आधिकारिक फिजिकल ट्रेनिंग परेड में शामिल हुए थे। नियमित प्रशिक्षण सत्र के दौरान उन्होंने बेचैनी की शिकायत की और अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारियों ने तत्काल उन्हें खड़कवासला के मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एनडीए प्रशासन ने तत्काल घटना की सूचना परिवार और स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के दौरान विसरा सुरक्षित रखा गया है। अंतिम मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। एनडीए प्रशासन ने अभिनव की मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि प्रशिक्षण के दौरान आखिर किन परिस्थितियों में उनकी तबीयत बिगड़ी और क्या कोई अन्य कारण भी जिम्मेदार था।क्षेत्रीय पुलिस सब-इंस्पेक्टर अक्षय पाटिल ने बताया- पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और विसरा सुरक्षित रखा गया है। अंतिम मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे। अभिनव के माता-पिता ने प्रशिक्षण व्यवस्था को लेकर कोई शिकायत नहीं की है। उन्होंने बताया कि आखिरी बार जब बेटे से बात हुई थी, तब वह पूरी तरह सामान्य था और प्रशिक्षण को लेकर उत्साहित था।अभिनव के अपने घर का इकलौता बेटा था। पिता प्रदीप कुमार बाजपेई कानपुर के एक सरकारी अस्पताल में वार्ड अर्दली के रूप में कार्यरत हैं। मां सीमा बाजपेई गृहणी हैं। जबकि बहन अंशिका, कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की छात्रा हैं।सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अभिनव के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा- अभिनव जैसे मेधावी, अनुशासित और देशभक्ति की भावना रखने वाले युवा की असामयिक मृत्यु पूरे जनपद के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।अभिनव की मौत के साथ पिछले एक वर्ष में एनडीए में प्रशिक्षण के दौरान किसी कैडेट की मौत का यह तीसरा मामला बन गया है। अक्टूबर 2025 में प्रथम वर्ष के एक कैडेट की स्विमिंग अभ्यास के दौरान मौत हो गई थी। उससे करीब दो सप्ताह पहले एक अन्य 18 वर्षीय प्रथम वर्ष के कैडेट ने आत्महत्या कर ली थी। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद सैन्य प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल स्क्रीनिंग, फिटनेस मूल्यांकन और प्रशिक्षण प्रणाली को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

# चौकी प्रभारी निलंबित वादिनी से अभद्र भाषा प्रयोग करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र की ललऊखेड़ा चौकी के प्रभारी रवि मिश्र को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एक मुकदमे की वादिनी से कथित तौर पर अभद्र भाषा में बात करने और पुलिस की गरिमा के विपरीत आचरण करने के आरोप में की गई है। मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, चौकी प्रभारी रवि मिश्र और एक मुकदमे की वादिनी के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सामने आया था। आरोप है कि इस बातचीत के दौरान चौकी प्रभारी ने वादिनी के साथ आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। ऑडियो सामने आने के बाद मामला पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने इस पर तत्काल संज्ञान लिया और प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर रवि मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही, पूरे प्रकरण की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में कहा कि जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा शिकायतकर्ता या आम नागरिक के साथ अभद्र व्यवहार, अनुचित भाषा या अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने आचरण से विभाग की छवि धूमिल करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, रवि मिश्र पिछले करीब एक वर्ष से अधिक समय से ललऊखेड़ा चौकी पर तैनात थे। उनके निलंबन के बाद चौकी का कार्यभार अस्थायी रूप से दूसरे अधिकारी को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग प्रभावित न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पुलिसकर्मियों को अपने व्यवहार और कार्यशैली में संयम एवं शालीनता बनाए रखनी होगी। विभाग आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेता है और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता या जनता के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत सही पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।


# पति-पत्नी के 30 विवादित जोड़े आपसी मन मुटाव भुलाकर एक साथ रहने को हुए तैयार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में वामा सारथी की अध्यक्षा नीतू सिंह रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया गया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 05 ,महिला थाना से 05, थाना सोहरामऊ से 05 थाना कोतवाली, थाना बीघापुर, थाना फतेहपुर चौरासी, थाना बांगरमऊ से 03-03, थाना दही 02 , थाना आसीवन से 01-जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति तवस्सुम नफीस, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद, सहयोगी शिवेन्द्र सिंह व अंकित सिंह एवं पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मिथलेश, उप निरीक्षक रेखा देवी, रेनू कटियार तरून रानी, सीमा देवी मीनूअंशु रानी, सेविका, चिंतन पूनम शाक्य, हिमांशी, सोनम, प्रीति बबली, बबली, स्वाती नीतू का विशेष योगदान रहा। सभी सलहाकारो व सम्मानित अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण पर परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थित आमजनमानस को वृक्षारोपण के प्रति सार्थक संदेश दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मेथी टिकुर गांव में शनिवार शाम एक 20 वर्षीय युवती का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतका की पहचान काजल (20) पुत्री सुशील सिंह निवासी मेथी टिकुर के रूप में हुई है। काजल अपने परिवार में दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। शनिवार शाम को उसका शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। माखी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। रविवार सुबह करीब 11 बजे जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मृतका की मौसी अर्चना ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी बाद में मिली। उनके अनुसार, घटना के समय काजल घर पर अकेली थी। परिजनों का आरोप है कि काजल ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है।मृतका की मौसी ने दावा किया कि काजल के शरीर पर कई संदिग्ध निशान थे। उन्होंने बताया कि काजल के पैरों पर नीले और लाल रंग के चोट के निशान दिखाई दिए, जबकि गले पर भी ऐसे ही निशान मिले हैं। इन निशानों के कारण परिजनों को हत्या की आशंका है। हालांकि, परिजनों ने किसी व्यक्ति पर सीधे तौर पर संदेह व्यक्त नहीं किया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले का खुलासा किया जाना चाहिए, ताकि घटना की वास्तविक वजह सामने आ सके और दोषियों को कड़ी सजा मिल सके। माखी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश सिंह ने बताया कि युवती शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।प्रथम दृष्टया किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गैर समुदाय के युवक ने आठ वर्षीय मासूम बच्ची को बुरी नियत से पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कस्बा मोहान के एक मोहल्ला निवाशी 8 वर्षीय की बच्ची को शनिवार देर शाम मुस्लिम युवक पकड़कर अंदर खींच ले गया। बच्ची किसी तरह से युवक के चंगुल से भाग कर अपने परिजनों को आप बीती बताई।जिसपर मोहान चेयरमैन समर जीत यादव समेत कस्बेवासी मोहान चौकी पर पहुंचे।जहां एक घंटे तक चौकी पर कोई नहीं मिला।जिसपर पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आरोपी युवक सीतापुर का रहने वाला है जो मोहान निवाशी इरशाद के घर में कई वर्षों से कमरा लेकर रह रहा था।जो फेरी लगाकर साड़ी बेचने का काम करता था।

कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि परिजन आए हुए है मामला जानकारी में है जांच की जा रही है।

***मोहान में बनी चौकी पर कोई न मिलने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए पुलिस अधीक्षक को फोन कर सूचना दी है***

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शेखपुर नरी गांव में 38 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मृतका की पहचान अलका अवस्थी (38) पत्नी विकास अवस्थी के रूप में हुई है। वह शेखपुर नरी, थाना कोतवाली उन्नाव की निवासी थीं। अलका की शादी 12 फरवरी 2016 को हुई थी और उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं।मृतका के भाई सत्येंद्र दीक्षित ने बताया कि शनिवार रात करीब 12:05 बजे ससुराल पक्ष से फोन पर सूचना मिली कि उनकी बहन ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। सत्येंद्र का आरोप है कि जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो अलका का शव एंबुलेंस में रखा हुआ था और उन्हें घटना के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर करीब एक बजे जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर सत्येंद्र दीक्षित ने मीडिया से बातचीत में अपनी बहन की मौत पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का नहीं, बल्कि हत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बहन की हत्या कर उसे फांसी का रूप देने का प्रयास किया गया है।भाई ने बताया कि घर-परिवार में सामान्य घरेलू विवाद होते रहते थे, लेकिन ऐसी कोई गंभीर बात उनके संज्ञान में नहीं थी, जिससे आत्महत्या जैसी स्थिति पैदा हो। उन्होंने यह भी बताया कि घटना वाले दिन सुबह उनकी बड़ी बहन अलका से मिलने गई थी और उस समय अलका ने किसी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया था। मायके पक्ष ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष होगी तो पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी और दोषियों को सजा मिलेगी। इंस्पेक्टर क्राइम राजेश यादव ने बताया कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बहु बेटी सम्मेलन एवं चौपाल का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गलगलहा गांव में रविवार को 'बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम सदर कोतवाली क्षेत्र की मगरवारा चौकी अंतर्गत ग्राम गलगलहा स्थित पंचायत भवन में हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने परिवार में प्रेम, सम्मान और आपसी विश्वास बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह ने की। इस दौरान प्रभारी परिवार परामर्श समिति के डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा, मगरवारा चौकी प्रभारी रवि शंकर पांडेय, ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार और उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सास, बहू, ननद, भाभी, मां, बेटियों और छात्राओं के साथ गांव के सम्मानित नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी की। चौपाल के दौरान वक्ताओं ने पारिवारिक रिश्तों में प्रेम, सम्मान और आपसी संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार की बहू को बेटी के समान सम्मान और स्नेह मिलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि परिवार में बहू और बेटी के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए, क्योंकि एक मजबूत परिवार ही समाज की सबसे बड़ी ताकत होता है।अधिकारियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्हें 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में बताया गया। महिलाओं से अपील की गई कि आवश्यकता पड़ने पर वे इन सेवाओं का तत्काल उपयोग करें। उन्हें अपनी समस्याओं को आत्मविश्वास के साथ पुलिस तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनीष सेंगर ने प्रेरक संस्मरण सुनाकर परिवार में प्रेम, सहयोग और आपसी सम्मान का वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। सम्मेलन में शामिल महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में पुलिस विभाग द्वारा इस तरह का कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है, जिससे परिवारों में रिश्तों को मजबूत करने का सकारात्मक संदेश मिला है।

# न्यायालय परिसर हरा-भरा करने का संकल्पः जिला जज ने लगाया पौधा, कहा- हर घर लगाए एक पेड़



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों और माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा-क के आदेश पर रविवार को जनपद न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे हुआ। इस दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-क, अपर जिला जज कोर्ट सं. 04 रामराज, विशेष न्यायाधीश-12 पॉक्सो एक्ट शैलेन्द्र सिंह यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या तिवारी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, सिविल जज जे.डी. दीपेंद्र सिंह तथा जे.एम. पुरवा सुश्री हिमानी गौतम ने न्यायालय परिसर में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्रा, महामंत्री अनुज कुमार बाजपेई, देवेंद्र त्यागी सहित नजारत के कर्मचारी, पैरा लीगल स्वयं सेवक और न्यायालय स्टाफ भी उपस्थित रहा। वृक्षारोपण के बाद माननीय जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-क ने कहा कि वृक्षारोपण दिवस को हमें व्यक्तिगत रूप से मनाना चाहिए। हर व्यक्ति अपने घर और आसपास एक पेड़ अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और प्रकृति के संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं।

# ऐतिहासिक कदमः प्रधान व सचिव के नेतृत्व में चला वृहद पौधारोपण अभियान



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में विकास खंड बांगरमऊ की ग्राम पंचायत गोदरी में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। ग्राम प्रधान गजेंद्र पाल एवं ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय परिसर तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।

पौधारोपण अभियान के दौरान ग्राम प्रधान गजेंद्र पाल ने कहा कि ₹पेड़ केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल भी करे।₹

ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख की जाएगी ताकि आने वाले वर्षों में ग्राम पंचायत गोदरी हरियाली की मिसाल बन सके। अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं, विद्यालय परिवार तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान सभी ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया।

ग्राम पंचायत गोदरी में पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे न केवल गांव की सुंदरता बढ़ाएंगे, बल्कि स्वच्छ वातावरण, शुद्ध वायु और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ग्राम पंचायत गोदरी की यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों ने इसे हरित भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम बताया है।

# श्री कृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का भक्तों को कराया रसपान



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के सराय सकहन गांव स्थित अति प्राचीन श्री संकट मोचन धाम में आयोजित सप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का रसपान किया। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा का भाव व्याप्त रहा। अयोध्या से पधारे कथा व्यास राजकुमार दास ने श्रीकृष्ण जन्म और उनकी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद कंस द्वारा भेजे गए अनेक राक्षस बाल गोपाल का वध करने आए, लेकिन भगवान की दिव्य शक्ति के आगे स्वयं ही उनका अंत हो गया। पूतना वध, शकटासुर, तृणावर्त तथा अन्य लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल ₹राधे-राधे₹ एवं ₹जय श्रीकृष्ण₹ के जयघोष से गूंज उठा। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के सभी अवतार मानव जीवन को धर्म, सत्य, कर्तव्य और निष्काम कर्म का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने कर्म पर विश्वास रखता है और सदाचार के मार्ग पर चलता है, वही जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई ₹कर्म प्रधान विश्व करि राखा₹ का उल्लेख करते हुए बताया कि ईश्वर भी कर्मशील व्यक्ति का साथ देते हैं और मनुष्य को सदैव अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। आयोजक उज्ज्वल शास्त्री ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान स्मृतिशेष पिता अनूप पांडेय शास्त्री की पुण्य स्मृति में आयोजित कराया जा रहा है। यजमान की भूमिका शुभम पांडेय ने निभाई, जबकि यज्ञाचार्य अभय तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान को संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री संकट मोचन धाम के पुजारी श्रीकांत पांडेय, शशिकांत पांडेय, सुनीता पांडेय, आशीष मिश्रा, अविनाश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# पौधारोपण कर राज्य मंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में पौधरोपण महायज्ञ 2026 एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व ग्रामीणों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर सेमरहना में स्थित निमार्णाधीन हाईटेक कालोनी भरतपुर में भी विधि विधान से पूजन कर पौधारोपण किया गयावृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के तहत अमृतपुर के धनईया वन क्षेत्र में 32 हेक्टेयर में पौधारोपण का आयोजन किया गया जिसमें पीपल पाकड़ बरगद हरि शंकरी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया । पौधारोपण कार्यक्रम में कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, क्षेत्रीय बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर, मुख्य सचिव खाद एवं रसद विभाग रणवीर प्रसाद, फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाइगर रिजर्व एच राजमोहन, डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी विश्वजीत, श्रीवास्तव सीडीओ सुनील कुमार धनवंता ,डीएफओ कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित, एसडीएम मिहींपुरवा अमिता यादव ने मौके पर मौजूद आम जनमानस के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्य मंत्री श्री राही ने कहा कि पौधारोपण के साथ ही उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी जरूरी है उन्होंने संबंधित को पौधों के संरक्षण के लिए भी निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सरोज सोनकर, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मद्धेशिया ,सभासद अशोक कुमार उर्फ गुड्डू लोधी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# ऑस्ट्रेलिया से 'नाभिकीय' समझौता लाएगा बदलाव

क्वाड पर अमेरिका के ठंडे रुख के बाद भारत ने अपने स्तर पर क्वाड के अन्य प्रमुख साझेदार देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को नई गति देने की रणनीति अपनाई है। क्वाड चार प्रमुख लोकतांत्रिक देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का रणनीतिक समूह है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करना है। बदलते वैश्विक समीकरणों और बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत अब अपने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत और व्यावहारिक आधार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में पहले जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने भारत का दौरा किया, जहां दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इससे स्पष्ट है कि भारत अपने भरोसेमंद साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच यूरेनियम आपूर्ति से जुड़ा बहुप्रतीक्षित असैन्य परमाणु समझौता हुआ है। माना जा रहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह 'नाभिकीय' समझौता ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इसके साथ ही रक्षा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिज, साइबर सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और निवेश सहित लगभग 18 महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। डिफेंस इनोवेशन कॉरिडोर, मैरीटाइम सिक्योरिटी रोडमैप और यूरेनियम सप्लाई एग्रीमेंट जैसे समझौते दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देंगे। ये समझौते केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सामरिक समीकरणों का भी स्पष्ट संकेत हैं। बढ़ती साझेदारी यह दर्शाती है कि दोनों लोकतांत्रिक देश अब केवल व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोगी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस परमाणु समझौते के बाद भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का मार्ग खुल जाएगा। दोनों देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर विकसित करने का भी निर्णय लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरण और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किए जाने से भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित अन्य अंतरिक्ष अभियानों को तकनीकी सहायता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तीन बहुमूल्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक कलाकृतियां लौटाने की घोषणा की है। इनमें देवी भद्रकाली की आकृति वाला धातु का त्रिशूल, भगवान शिव के वाहन नंदी की पत्थर की प्रतिमा तथा छह मुख वाले भगवान कार्तिकेय की दुर्लभ प्रतिमा शामिल हैं। इनकी स्वदेश वापसी दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और सांस्कृतिक सहयोग का भी प्रतीक है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की यह यात्रा संकेत देती है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, तकनीकी प्रगति और आर्थिक हितों को मजबूत करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है। भारत रक्षा समेत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ यह 'नाभिकीय' समझौता इसी नई सोच और दूरदर्शी रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

जल संरक्षण

बाल मुकुन्द ओझा



# आज पानी बचाएंगे तो भविष्य होगा सुरक्षित

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते हैं। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की मानें तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहां पानी मिलता है, वहीं किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते हैं। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक-एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। देश में जल संसाधन सीमित और दुर्लभ हैं। पानी घट रहा है और साल 2050 तक यह कमी एक बड़ा संकट बन सकती है। ऐसे में हमें वर्षा जल संचयन जैसे जल संरक्षण के स्थायी तरीकों को अपनाना चाहिए। देशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। राजधानी दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। भूस्खलन एवं वर्षा के बाद विभिन्न घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हो गई। हर साल की तरह इस साल भी देश में मानसून की एंट्री के साथ ही बाढ़ की तबाही भी शुरू हो गई है। वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिए अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाए। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है, जिसमें से 160 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहां सवाल यह उत्पन्न होता है कि भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट का सामना क्यों कर कर रहे हैं। इसका जवाब है कि हमने अपने परंपरागत जल स्रोत समाप्त कर दिए। भारत को कुए, बावड़ी और तालाबों का देश कहा जाता है। यहां नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे हैं। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात, पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जबकि केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष देश में औसत बारिश हो सकती है। इस बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है। करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है।



मुद्दा

डॉ. आशीष वशिष्ठ

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

# आतंक व बातचीत साथ नहीं चल सकते

भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने की उम्मीद से दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को जानी-मानी 117 हस्तियों ने मिलकर पत्र लिखा है। पत्र लिखने वालों में 61 लोग भारत से और 56 पाकिस्तान से हैं। पत्र में मांग की गई है कि अब संबंधों को सामान्य किया जाए और तल्खियां घटाई जाएं। ये पहल सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस के अध्यक्ष ओपी शाह की तरफ से की गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत का स्पष्ट रुख रहा है कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक कोई वार्ता संभव नहीं है। इस पत्र को लेकर अब प्रश्न भी उठ रहे हैं।

अहम सवाल यह है कि भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत क्यों करे? राजनयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंध क्यों पुनः स्थापित किए जाएं? आतंकियों को पालने-पोसने वाले देश को कड़ा सबक सिखाना चाहिए अथवा संवाद के माध्यम से प्रेम का प्रदर्शन करना चाहिए? जो 117 चेहरे आज पाकिस्तान के पक्षकार बने हैं, क्या वे भूल गए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है? क्या वे पहलगाम का नरसंहार भूल गए? क्या पुलवामा में 40 'शहीदों' का बलिदान भूल गए? क्या उरी से लेकर 26/11 मुंबई आतंकी हमले तक पाक परस्त शैतानों और हत्यारों के षड्यंत्र भी भूल गए? पत्र लिखने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और सैफुद्दीन सोज भी शामिल हैं। मणिशंकर ने सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान जाकर आर्त पुकार की थी कि मोदी सरकार हटाने में सहायता करें। यह नवंबर, 2015 का प्रसंग है। दोनों कथित कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मोदी को हटाए बिना भारत-पाक संबंध बेहतर नहीं हो सकते। अब समर्थकों की सूची में शामिल हैं, तो वह बिल्कुल निरर्थक है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का पाकिस्तान प्रेम जगजाहिर है। इनके बयानों से ऐसा अहसास होता है मानो पाकिस्तान सरकार का कोई प्रवक्ता बोल रहा है। भारत की गुप्तचर एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे एएस दुलत भी सूची में हैं, जो पाकिस्तान की आत्मा तक से परिचित हैं और कई आतंकी हमलों के साक्षी रहे हैं। ओपी शाह, मनोज झा, जवाहर सरकार आदि कितने बड़े कूटनीतिज्ञ हैं, यह हम नहीं जानते, लेकिन सूची में जो 61 नाम भारतीयों के हैं, वे विश्वासपूर्वक प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर विरोधी हैं और पाकिस्तान के अनुयायी चेहरे हैं। आज उन्हें कौन पूछता है? क्या प्रासंगिकता है इनकी? क्या इनमें से किसी ने भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आतंकी सांपों को पालना बंद करें? आतंक के अड्डे समाप्त किए जाएं। सरकार और फौज आतंकियों की आर्थिक मदद करना और उन्हें 'जेहादी समर्थन' देना भी



बंद करें। पत्र लिखने वालों की मंशा क्या है, यह वे स्वयं बेहतर जानते हैं। पत्र लिखने वालों में से किसी ने आतंकवाद में अपने किसी परिजन को खोया है? यह पीड़ा, हत्या, दर्द, खालीपन, सूने आंगन, उजड़े सिंदूर को कैसे और कौन भूल सकता है? और फिर क्या गारंटी है कि संवाद और संबंधों की पुनर्स्थापना के बाद सीमा पर तनाव कम हो जाएगा? सीमा पार से आतंकी भेजे नहीं जाएंगे? वैश्विक मंचों पर, कश्मीर की आड़ में, भारत-विरोधी दुष्प्रचार थम जाएंगे? पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है।

वास्तव में, आतंकवाद की चर्चा जब भी होती है, तो ये समर्थक हकलाने लगते हैं या अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो आजकल 'एटमी युद्ध' की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान के कथित उप प्रधान मंत्री इशाक डार सिंधु नदी का पानी रोकना युद्ध की कार्रवाई मानते हैं। क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भूल गया है पाकिस्तान, जिनमें उसके 11 एयरबेस को मिट्टी-मलबा कर दिया गया था? ऐसे आतंकी, धमकीबाज मंत्रियों की सरकार से भारत बात क्यों करेगा? पाकिस्तान में सार्वजनिक कार्यक्रमों, जनाजों और सरकारी आयोजनों में आतंकवादियों का खुलकर घूमना आम बात है। जिन लोगों पर संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी होने का आरोप है, वे पाकिस्तान में खुलेआम दिखाई देते हैं। ऐसे देश के साथ बैठकर बातचीत कैसे की जाए और भरोसा कैसे किया जाए? पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले चेहरे यह भूल गए हैं कि पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों ने हमारे 40,000 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हैं? मठ-मंदिर ध्वस्त किए हैं? महिलाओं का सतीत्व लूटा है? पाकिस्तान में कौन लोग हैं, जो आपसी संबंध मधुर और श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है कि एक तरफ बातचीत की मेज पर बैठना और दूसरी तरफ आतंकी हमले करवाना। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है।

वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाक ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई।अटलजी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पत्र लिखने वाले भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उरी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इसमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इस कसौटी को अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने एक ऐसे पत्र पर स्वाक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख भी नहीं है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

# छोटे-छोटे संकल्प हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं




संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

# गुरु की बात को गिरिधारी भी नही टाल सकते



संकलित

प्रेरणा

वृंदावन में एक संत के पास कुछ शिष्य रहते थे उनमें से एक शिष्य मंद बुद्धि का था। एक बार गुरु देव ने सभी शिष्यों को अपने करीब बुलाया और सब को एक मास के लिए ब्रज में अलग-अलग स्थान पर रहने की आज्ञा दी और उस मंद बुद्धि को बरसाने जाकर रहने को कहा। मंद बुद्धि ने बाबा से पूछा बाबा मेरे रहने खाने की व्यवस्था वहां कौन करेगा। बाबा ने हंस कर कह दिया राधा रानी, कुछ दिनों बाद एक-एक करके सब बालक लौट आए पर वो मंद बुद्धि बालक नही आया। बाबा को चिंता हुई की दो मास हो गए मंद बुद्धि बालक नही आया जाकर देखना चाहिए, बाबा अपने शिष्य की सुध लेने बरसाने आ गए। बाबा ने देखा एक सुन्दर कुटिया के बाहर एक सुन्दर बालक बहुत सुन्दर भजन कर रहा है, बाबा ने सोचा क्यों ना इन्ही से पूछा जाए। बाबा जैसे ही उनके करीब गए वो उठ कर बाबा के चरणों में गिर गया और बोला आप आ गए गुरु देव! बाबा ने पूछा ये सब कैसे तु ठीक कैसे हो गया शिष्य बोला बाबा आपके ही कहने से किशोरी जी ने मेरे रहने खाने पीने की व्यवस्था की और मुझे ठीक कर भजन करना भी सिखाया। बाबा अपने शिष्य पर बरसती किशोरी जी की कृपा को देख खुब प्रसन्न हुए और मन ही मन सोचने लगे मेरे कारण मेरी किशोरी जी को कितना कष्ट हुआ। उन्होंने मेरे शब्दो का मान रखते हुए मेरे शिष्य पर अपनी सारी कृपा उडेल दी। इसलिए कहते है गुरु की बात को गिरिधारी भी नही टाल सकते।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जागो, नहीं तो गर्मी से जल जाएगा संसार

आजकल दुनिया के कुछ देशों में कुदरत का प्रकोप झुलसाने वाली गर्मी के रूप में बरप रहा है। यूरोप में जर्मनी और अन्य देशों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, शायद यहां जून और जुलाई महीनों में तापमान 30 डिग्री से कम रहता है। ऐसे ही गर्मी और भी कई देशों में अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। अमरीका और अन्य कुछ देशों में तो भयंकर गर्मी कुछ लोगों की जान की दुश्मन भी बन गई। अगर हम अपने देश भारत की बात करें तो यहां भी गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारे देश में आजकल मानसून का समय है, देश के कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हो रही है। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। धरती पर बढ़ता तापमान सारी दुनिया के लिए बड़ी चिंता का विषय है। *-मनोज साहू, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# मेक्सिको के गांव में मादक पदार्थ तस्करों के ड्रोन हमले

मेक्सिको के एक गांव में मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह ने बुधवार सुबह छह बजे ड्रोन से हमले किए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी दी। गुआजेस डी अयाला नामक गांव के ग्रामीणों को कई हफ्तों से 'ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना' नाम के मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से चेतावनी मिल रही थी। हालांकि उनकी मदद की गुहार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय मेक्सिको सिटी, ग्वाडलहारा और मॉन्टेरी जैसे बड़े शहरों में फुटबॉल विश्वकप आयोजन को लेकर जश्न का माहौल था।



## ऑफ बीट

# फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान

मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं।



## ट्रेंड

### 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल



दिल्ली सरकार ने पेड़ लगाने के लिए 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल शुरू किया है, जिसके जरिए मुफ्त पौधे मिलेंगे। जहाँ भी जमीन उपलब्ध हो, लोगों को पेड़ लगाने चाहिए और 'ग्रीन दिल्ली' के संकल्प को पूरा करना चाहिए।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### खेती-बाड़ी व्यवस्था



युवाओं को खेती को नए नजरिए से देखने की जरूरत है। अपनी इनोवेशन, स्किल्स और एंटरप्रेन्योरशिप के जरिए वे एक ऐसी खेती-बाड़ी व्यवस्था बनाने में योगदान दे सकते हैं जो आधुनिक, आत्मनिर्भर, स्मार्ट, प्रकृति-अनुकूल और टिकाऊ हो।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### ऊर्जा सुरक्षा



भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के मामले में नए मानक स्थापित कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम की आपूर्ति को लेकर हुआ यह महत्वपूर्ण समझौता देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### विरोध दबाने की कोशिश



सरकार इथेनॉल के मामले में दूसरे देशों के उदाहरण देकर लोगों के विरोध को दबाने की कोशिश कर रही है। सच तो यह है कि जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में ई10 से ज्यादा ग्रेड वाले ईंधन का इस्तेमाल भी नही हो रहा है। जापान में अभी सिर्फ ई3 का इस्तेमाल हो रहा है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## संक्षेप

### विद्युत करंट की चपेट में आने से भैंस की हुई मौत, किसान चिंतित

#### विद्यालय के पास बिजली के पोल में उतर रहा करंट

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के शिवपुर विकासखंड अंतर्गत जुगराज पुरवा गांव में रविवार सुबह एक किसान की भैंस की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना रामपुर धोबिया स्थित एक स्कूल के पास हुई, जब किसान कैलाश यादव अपनी भैंस चरा रहे थे। बताया गया कि बरसात के कारण बिजली के खंभे में करंट उतर आया था। कैलाश यादव को इस बात का पता नहीं चल सका कि उनकी भैंस कब उस खंभे के पास पहुंच गई। करंट लगने से भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पशु मित्र लालता प्रसाद द्वारा भैंस का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, राजस्व लेखपाल और बिजली विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच-पड़ताल की। चूँकि घटना स्कूल के पास की है अतएव इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को संवाददाता द्वारा घटना से अवगत कराया गया जिन्होंने जल्द ही करंट उतर रहे पोल पर कार्य करने के सम्बंधितों को निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय लेखपाल अमरेंद्र कुमार ने पुष्टि की कि भैंस की मौत विद्युत करंट से हुई है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग द्वारा किसान को यथासंभव आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### तहसील के जर्जर भवनों की छतों से टपकता पानी

#### हादसे का खतरा, उपजिलाधिकारी ने दिया आश्वासन

अमेठी , तहसील परिसर में स्थित पुराने भवन बरसात के मौसम में चिंता का विषय बने हुए हैं। इनकी जर्जर हालत के कारण छतों और दीवारों में दरारें आ गई हैं, और बारिश के दौरान पानी टपक रहा है। कई भवनों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि वे कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों फरियादी अपने राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए तहसील परिसर पहुंचते हैं। बारिश के कारण छतों से पानी रिसने से कार्यालयों में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों के खराब होने का खतरा बना रहता है। कर्मचारियों को भी असुरक्षित भवनों में काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है। भवनों की जर्जर स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 20 जून 2026 को तहसील परिसर में एक भवन की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया था। इस घटना में वहां मौजूद मां-बेटी घायल हो गई थीं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। हालांकि, इस घटना के बाद भी कई भवनों की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। अधिवक्ता प्रभात मिश्रा ने बताया कि तहसील परिसर के कई भवन काफी पुराने हो चुके हैं। बरसात में छतों से पानी टपकने और दीवारों में दरारें बढ़ने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ संगठन की बैठक संपन्न

### 128 शिक्षकों का अबतक एक दिवस का कटा बेतन, मानदेय हुआ बहाल

#### एमडीएम ऑडिट, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, एसीपी, शिक्षक समस्याओं, नामांकन वृद्धि, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा आदि पर हुई विधिवत वार्ता

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। शिक्षक,शिक्षा मित्र अनुदेशकों की विभिन्न लम्बित समस्याओं,सेवा संबंधी प्रकरणों तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श एवं उनके समयबद्ध निस्तारण हेतु एक आवश्यक बैठक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में आहुति हुई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र, जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आसिफ, जिला मंत्री चंद्रेश कुमार राजभर सहित अन्य सभी मान्यता प्राप्त संगठनों के जनपदीय अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष महामंत्री, कोषाध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारियों नें बैठक में मौजूद रहे। महासंघ जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने लंबित सभी शिक्षक समस्याओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह जी के समक्ष रखा तथा उसके समाधान पर सार्थक चर्चा की।एमडीएम ऑडिट,अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, जनपद के सभी विकास खंडों के शिक्षक,शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों,अनुदेशकों का एक-दो दिन का वेतन/मानदेय बाधित बहाली,लम्बित चयन वेतनमान, पयागपुर के 19 शिक्षकों की आख्या बीईओ के स्तर से फारवर्ड न होने से चयन वेतनमान में देरी,माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी आदेश के क्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन देने,वेतन निर्धारण, वेतन विसंगति,सेवा पुस्तिका के अद्यतन सत्यापन एवं अभिलेखीकरण, अर्जित अवकाश, मातृत्व अवकाश, बाल्य देखभाल अवकाश एवं अन्य अवकाश संबंधी समस्या समाधान,सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ अन्य देयकों से संबंधित लम्बित प्रकरण निस्तारण आदि विषयों पर चर्चा की एवं उक्त समस्याओ के सम्बन्ध में ज्ञापन भी सौंपा गया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र नें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर उठायें गए समस्याओ / ज्ञापन के माध्यम से जो भी प्रमुख मांगे रखी गयी थी,कार्यालय द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिकांश मांगो कों पूर्ण किया जा चुका है, शेष मांगो / समस्यायो पर विभाग द्वारा कार्य गतिमान है।

## कैसरगंज में एक पेड़ माँ के नाम अभियान को मिला नया जोश

### उप जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। पर्यावरण संरक्षण और मातृभक्ति को जोड़ने वाले ह्यएक पेड़ माँ के नामकार्यक्रम के तहत में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने स्वयं पौधा लगाकर की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि माँ हमें जीवन देती है और पेड़ हमें जीवन देते हैं। दोनों का हमारे जीवन में समान महत्व है। ह्यएक पेड़ माँ के नामअभियान इसी भावना से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक अपनी माँ के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे।उन्होंने आगे कहा कि बढ़ते प्रदूषण, घटते जलस्तर और बदलते मौसम को देखते हुए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पेड़ लगाकर उसे बड़ा करे, तो हम अपने जिले को हरा-भरा बना सकते हैं। यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाएगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन भी देगा। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी ने तहसील के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर छायादार और फलदार प्रजातियों के पौधे लगाए। उन्होंने उपस्थित लोगों को पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन इस अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर काम करेगा। जगह-जगह पौधरोपण के साथ-साथ जागरूकता रैलियां भी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल, राजस्व कर्मी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उप जिलाधिकारी के साथ पौधे लगाए और माताओं के नाम संकल्प पत्र भी भरे।

संदेशः एक पौधा लगाएं, माँ को समर्पित करेंः धरती को बचाएं

## सरयूघाट तट पर प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद ने किया पौधरोपण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। विकासखंड बलहा क्षेत्र के अंतर्गत गायघाट में स्थित सरयू नदी घाट तट पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खाद एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण और उनका संरक्षण करना हम सब की जिम्मेदारी है जिससे पर्यावरण हरा-भरा बना रहे। सीडीओ सुनील कुमार धनवंता ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया, खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे ने कहा कि आज का दिन ही बहुत ही पावन है पूरे प्रदेश में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में यहां सरयू घाट पर पौधरोपण किया गया है सभी लोग पौधरोपण व उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं और अपने आसपास का वातावरण हरा भरा बनाए। पौधारोपण कार्यक्रम में खाद एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव श्री रणवीर प्रसाद मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंत खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे शर्मा आयुक्त रवि शंकर पांडे एपीओ आलोक मिश्रा, ग्राम प्रधान राम आधार, रोजगार सेवक, पुनीत कुमार त्रिपाठी, दाता राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित है।



## हुजूरपुर थाने में एक पेड़ माँ के नाम के तहत हुआ बृहद वृक्षारोपण, CO और प्रभारी ने लगाया पौधा

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रविवार दिनांक 12 जुलाई 2026 को थाना परिसर हुजूरपुर में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी. के. श्रीवास्तव, हुजूरपुर प्रभारी निरीक्षक श्री विपिन सिंह एवं थाने के समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से प्रतिभाग कर पौधरोपण किया। इस अवसर पर सीओ डी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि माँ हमें जीवन देती है और वृक्ष हमें जीवन देते हैं। ह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियान इसी भावना से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और गर्मी को देखते हुए हर नागरिक को अपनी माँ के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। तभी हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और हरित पर्यावरण दे पाएंगे। प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग कानून व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी अपनी भूमिका निभा रहा है। थाना परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर भी वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान थाने के उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल, सिपाही और अन्य कर्मियों ने नीम, पीपल, बरगद, आम, अमरूद और अशोक के पौधे लगाए। सभी पुलिसकर्मियों ने पौधों की सुरक्षा और नियमित सिंचाई का संकल्प भी लिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब वदीर्धारी इस तरह के अभियान से जुड़ते हैं तो समाज भी प्रेरित होता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न अभियान को सफल बनाने और धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

## फखरपुरः सौगाहना में 5000 फलदार और छयादार पौधों का वृक्षारोपण, बीडीओ, ब्लॉक प्रमुख रहे मौजूद



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।फखरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सौगाहना में शनिवार को बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरगद, नीम, पीपल सहित फलदार कुल 5000 पौधे चारागाह में लगाए गए। वृक्षारोपण का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह ₹मुन्ना, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विशेन और ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए इस तरह के अभियान जरूरी हैं। चारागाह में लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद आसिफ ,सीताराम पांडे ,अंसार फखरुद्दीन, पूर्व प्रधान अज्जन अली और सरवन महाराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पौधों को पेड़ बनने तक संरक्षित रखें, तभी वृक्षारोपण का उद्देश्य पूरा होगा।

## विद्यालय के रास्ते में भरा बारिश का पानी, जिम्मेदारों की लापरवाही आई सामने

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विकास खंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत मिजार्पुर चहलवा के मजरा रग्घुपुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में हुई मामूली बारिश ने विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। विद्यालय के रास्ते में जलभराव होने से छात्र-छात्राओं को पानी के बीच से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है। विद्यालय परिसर के प्रवेश मार्ग पर पानी भर जाने के कारण नन्हे-मुन्ने बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय के रास्ते में जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं कराया गया है। विद्यालय के रास्ते के बगल से बनाई गई नाली की सफाई न होने के कारण बारिश का पानी रास्ते पर जमा हो जाता है और निकासी का उचित मार्ग न होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से विद्यालय परिसर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराए जाने की मांग की है।

## वन महोत्सव महाअभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत रूपईडीहा में हुआ व्यापक पौधारोपण

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्रांति के उद्देश्य से चलाए जा रहे वन महोत्सव महाअभियान के अंतर्गत ह्यएक पेड़ मां के नामह्न कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत रूपईडीहा, थाना रूपईडीहा, वन विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।

नगर पंचायत रूपईडीहा की ओर से वार्ड संख्या-5 स्थित सनातन स्वर्गधाम में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल भी अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए, ताकि वही पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर मानव जीवन और पर्यावरण की रक्षा कर सकें।

कार्यक्रम में लीला कश्यप, राहुल, गोकरन सोनी, मुन्ना श्रीवास्तव, बसंत चक्रवर्ती, संजय सोनी, रविंदर, नगर पंचायत के सुपरवाइजर अजय कुमार, अभय पाठक, किशन गुप्ता, सचिन पाठक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसी क्रम में थाना रूपईडीहा परिसर में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं वन विभाग कार्यालय रूपईडीहा में वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपकर हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। अभियान के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## रामपुर में सस्ते गल्ले दुकानदारों ने लगाए एक पेड़ मां के नाम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाने वाली फातमा बेगम के पति गुलाम मोहम्मद व सस्ते गल्ले के दुकानदार मो0 हनीफ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। उन्होंने रविवार को ग्रामीणों को भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

यह पहल शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों और वर्तमान में चलाए जा रहे वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत की गई। गुलाम मोहम्मद व मो0 हनीफ ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता व्यक्त की, जिससे प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। प्रदूषण और विभिन्न बीमारियां एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। गुलाम मोहम्मद तथा मो0 हनीफ ने जोर दिया कि पृथ्वी पर प्राणियों की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना अत्यंत महत्वपूर्ण और आवश्यक है।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बीते शनिवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ ग्रामीण की मौत हो गई। थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मनपुर निवासी सतगुरु पुत्र बेचन लाल उम्र 62 वर्ष निवासी शनिवार सुबह 8 बजे खेत मे धान रोपाई करने गया था तभी 11 हजार लाइन जो सागौन पेड़ से सटा था उसमे करंट उतर आया। उसी करंट के चपेट मे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वही सूचना पर पहुंचे बाबागंज चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने ग्रामीणों व परिजनों की सहमति पर मृतक शव का पंचनामा कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण किया। हालांकि इस घटना से पूरे गांव मे शोक की लहर व्याप्त है।

## प्रधान अतुल सिंह के नेतृत्व में रोपे गए सैकड़ो पेड़

### ग्राम रहीम नगर के ग्रामीणों ने बढ़ -चढ़ कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। ग्राम पंचायत रहीम नगर के पंचायत भवन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत बड़े स्तर पर प्रधान अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

विकास खंड नवाबगंज के साथ धरा कों हरा भरा बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण का बढ़ावा देना था।

इस अभियान में स्थानीय प्रबुद्ध नागरिको, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी पर्यावरण प्रेमियों ने अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाया उन्होंने इन पौधों की पूरी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली इस पहल का लक्ष्य न केवल हरियाली बढ़ाना है बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना भी है। प्रधान अतुल सिंह नें कहा कि जैसे मां हमें जीवन देती है और प्रकृति हमारा पालन पोषण करती है एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और बेहतर भविष्य की नींव रखेगा। इस दौरान नीम, जामुन, बरगद के साथ छायादार और फलदार पौधों को प्राथमिकता दी गई।

## संक्षेप

### हाईवे पर तेज रफ्तार कार सांड से टकराई

**चालक और गोवंश गंभीर रूप से घायल, यातायात प्रभावित**

बागपत, बागपत-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार सड़क पर घूम रहे एक सांड से टकरा गई। यह हादसा आशीर्वाद रिसोर्ट के पास हुआ, जिसमें कार चालक और सांड दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। भारतीय गौ रक्षा सेना के जिलाध्यक्ष शराफत सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें सुबह सूचना मिली थी कि हाईवे पर एक कार सांड से टकरा गई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को गंभीर चोटें आईं। वहीं, सांड भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली बागपत पुलिस और भारतीय गौ रक्षा सेना की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल चालक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल सांड के लिए पशु चिकित्सक को बुलाकर मौके पर ही उसका इलाज कराया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की गति धीमी हो गई थी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति सामान्य हो गई। शराफत सिद्दीकी ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बेसहारा गोवंश अक्सर हाईवे और मुख्य मार्गों पर घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन गोवंश को सुरक्षित गोशालाओं में पहुंचाया जाए और हाईवे पर उनकी आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की कि वे हाईवे पर निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सावधानी से वाहन चलाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक बेसहारा गोवंश की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक ऐसे हादसे होते रहेंगे।

### सुरक्षा गार्ड मानदेय विवाद गहराया

**सीएमओ और सैनिक कल्याण निगम आमने-सामने, भुगतान पर गतिरोध**

बागपत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात सुरक्षा गार्डों के मानदेय को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बागपत और उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड, मेरठ आमने-सामने आ गए हैं। निगम ने सीएमओ बागपत को पत्र भेजकर बकाया भुगतान और संशोधित वेतन दरों के अनुसार मानदेय की मांग की है। निगम का कहना है कि वह उत्तर प्रदेश सरकार का एक उपक्रम है और श्रम आयुक्त द्वारा निर्धारित वेज स्ट्रक्चर के अनुसार ही सुरक्षा कर्मियों को वेतन दिया जाता है। निगम के अनुसार, अप्रैल 2025 से अप्रैल 2026 तक की वेतन वृद्धि की लंबित धनराशि, जो लगभग 4 लाख 11 हजार 400 रुपये है, का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुरानी दर 32 हजार 541 रुपये 49 पैसे प्रति गार्ड प्रतिमाह पर सेवाएं जारी रखना संभव नहीं है। श्रम आयुक्त के नवीन नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए निगम ने प्रति सुरक्षा गार्ड लगभग 37 हजार 551 रुपये प्रतिमाह की दर से भुगतान की मांग की है। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने अपने पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की गाइडलाइन का उल्लेख किया है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की अगुवाई में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**सीएचसी समेत संबद्ध उपकेंद्रों में हुआ वृक्षारोपण**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गांव रामपुर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मौजूदगी में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर में पहुंची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली की टीम ने गांव के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं दी गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के नेतृत्व में स्वास्थ्य कैंप अंतर्गत पहुंचे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष विजय गौतम समेत अन्य पदाधिकारी तथा चिकित्सकों में आम जनमानस को संचारी रोगों से रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां दी वहीं चिकित्सा अधीक्षक के साथ मिलकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सदस्य तथा अन्य सभी चिकित्सकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली समेत स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े अन्य उपकेंद्र जैसे चांदपुर डिघरुवा जजमोइया आदि में भी वृक्षारोपण करते हुए आम जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर उपर्युक्त अधिकारी कर्मचारी तथा मुख्य अतिथियों के साथ चिकित्सक डॉक्टर ऋषि अवस्थी डॉक्टर नवीन सिंह डॉक्टर तृप्ति डॉक्टर अर्चना डॉक्टर रोहिणी डॉ रामशंकर डॉ सुनील अभय प्रताप सिंह प्रयोगशाला प्रभारी विकास सिंह सुगेंद्र अंकित फार्मेसिस्ट सुरेंद्र शालिनी गौतम समेत सभी लोगों ने वृक्षारोपण के महा अभियान को सफल बनाया

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आई भैंस हुई मौत

**बचाव करते हुए दो सगे भाई बुरी तरह झुलसे**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सुकेती में कल हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से एक बेस कीमती भैंस की मौत हो गई वहीं बचाव के लिए दौड़े दो सगे भाइयों को भी हाई टेंशन लाइन ने शिकार बनाया जो बुरी तरह झुलसे मिली जानकारी के अनुसार गांव के ग्रामीण वकील पुत्र अयूब खान की भैंस मैदान में घास चर रही थी जहां हाई टेंशन लाइट का टूटा हुआ तार पड़ा था जिसकी चपेट में आ जाने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई यह दृश्य देखकर वकील के भाई इस्लाम तथा इरशाद बचाने के लिए दौड़ पड़े जो बुरी तरह झुलस गए आनन-फानन गांव के लोगों ने किसी तरह दोनों को बाहर निकाला तथा नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहीं चिकित्सकों ने बताया कि दोनों भाइयों का उपचार जारी है ग्रामीण एवं पीड़ित के अनुसार एक लाख रुपए से अधिक कीमत वाली दुधारू भैंस का नुकसान बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुआ है वही सभी ने इस घटना का दोषी विद्युत विभाग को ठहराया तथा मुआवजे की मांग की पीड़ित ने नजदीकी थाने में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई।

# शौच गई नाबालिक किशोर को युवक ने बेरहमी से पीटा

**गुप्तांगों पर पहुंचाई चोट पीड़ित पिता ने लगाई न्याय की गुहार**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरवल निवासी चुन्नू शुक्ला के नाबालिक बेटे 16 वर्षीय शुभम के साथ ग्रामीण युवक रामशंकर पुत्र शिव कैलाश तिवारी ने घिनौनी हरकत करते हुए मारपीट की तथा गुप्तांगों में लात मारते हुए गहरी चोट पहुंचाई मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित सौंच क्रिया के लिए विगत दिवस शनिवार शाम समय गया था जहां गांव के युवक रामशंकर ने काले कपड़े से चेहरा बांधकर मौके पर पहुंचा तथा बेटे शुभम के साथ मारपीट करने लगा लात घूसों से मारपीट की तथा उसके गुप्तांग पर गहरी चोट पहुंचाई नाबालिक बेटे ने कड़ी मशक्कत करते हुए आरोपी के चेहरे में बंधा कपड़ा खींच लिया जिससे आरोपी की पहचान हो गई वही मारपीट के पश्चात आरोपी रामशंकर ने उसे जान से मार देने की धमकी दी घटना के पश्चात 16 वर्षीय किशोर शुभम रोते बिलखते अपने घर पहुंचा तथा परिजनों को बताया वही आक्रोशित पीड़ित पिता ने आरोपी के घर शिकायत की जहां आरोपी तथा आरोपी के परिजनों ने उल्टा डांट फटकार लगाई इसके पश्चात पीड़ित पिता ने थाना असोथर पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई वहीं थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों की पुरानी रंजिश थी हो सकता है इसके कारण ही मारपीट हुई हो मामले की जांच की जा रही है जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# ब्लैकमेल करते हुए युवक ने महिला का किया शारीरिक शोषण

**अश्लील वीडियो बनाकर महिला को धमकाता रहा पीड़िता पहुंची थाने**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद की किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी महिला के साथ गांव के ही युवक ने ब्लैकमेल करते हुए महिला के साथ लगातार शारीरिक शोषण किया उपर्युक्त आरोप लगाते हुए महिला ने नजदीकी थाना किशुनपुर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता लगभग 4 महीने पहले अपने गांव के खेतों पर शौच के लिए गई थी इसी बीच ग्रामीण युवक वहां मौके पर पहुंच गया तथा उसके साथ जबरन अश्लील वीडियो बनाया वीडियो बनाने के पश्चात महिला को ब्लैकमेल करने लगा तथा फोन पर बात करने का दबाव बनाने लगा भयभीत महिला युवक का शिकार बन गई तथा मजबूरी में बात करती रही वही समय-समय पर युवक ने महिला के साथ शारीरिक शोषण करते हुए दुराचार किया विगत लगभग एक महीने पहले महिला को उसके पति ने फोन में बात करते हुए देख लिया जिससे काफी कहा सुनी हुई पति ने महिला का फोन ले लिया तथा महिला ने युवक से बात करना बंद कर दिया इसके पश्चात आरोपी युवक ने महिला को बात करने के लिए जबरन दूसरा फोन दिया तथा उसके साथ शारीरिक संबंध न बनने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी विगत दिवस शनिवार को महिला के पति ने दोबारा उसके पास दूसरा फोन देखकर झगड़ा किया जहां महिला ने पूरी सत्यता अपने पति को कह सुनाई इसके पश्चात पीड़िता ने नजदीकी थाना किशनपुर में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई वहीं थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने कहा कि महिला का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है जांच के उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# थप्पड़ मारने वाले एसएसपी बोले- कानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**कहा- मेरे समर्थक 1, विरोधी 2 पेड़ लगाएं; गुस्सा समाज के लिए इस्तेमाल करें**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, एसएसपी अविनाश पांडेय ने एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर अपने समर्थकों और विरोधियों दोनों से खास अपील की है। उन्होंने कहा कि जो लोग उनके समर्थन में हैं, वे एक पेड़ लगाएं और जो लोग उनके विरोध में हैं, वे दो पेड़ लगाएं। साथ ही उन्होंने लोगों से अपने गुस्से को समाज और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में लगाने की बात कही। बता दें कि दो दिन पहले मेरठ कलेक्ट्रेट गेट के बाहर धरना दे रहे लोगों के बीच एसएसपी अविनाश पांडेय का थप्पड़ मारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसी विवाद के बीच उन्होंने यह वीडियो संदेश जारी किया है।

### समर्थकों और विरोधियों से की अलग-अलग अपील

एसएसपी ने कहा कि जो लोग उनके समर्थन में हैं, वे आगामी वृक्षारोपण महोत्सव में एक पेड़ लगाएं। साथ ही अपने आसपास सफाई रखें और पॉलिथीन का उपयोग न करें। उन्होंने विरोध करने वालों से भी अपील करते हुए कहा कि वे दो पेड़ लगाएं और अपने गुस्से को समाज के हित में इस्तेमाल करें। किसी जाति विशेष की बात करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले अपराधियों का साथ देने में अपनी ऊर्जा व्यर्थ न करें।

### 'बेहतर समाज छोड़कर जाना हम सभी की जिम्मेदारी'

एसएसपी ने कहा कि सभी लोगों को समाज को सुंदर और बेहतर बनाने तथा कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह सोचना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को कैसा समाज देकर जा रहे हैं और उसी दिशा में प्रयास करना चाहिए। वीडियो संदेश में एसएसपी ने कहा कि जो लोग उन्हें धमकी दे रहे हैं, उनसे भी उनकी अपील है कि यदि कोई बात समझनी है तो सीधे उनके पास आकर बात करें। उन्होंने कहा कि पूरी घटना के वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं और सभी को तथ्यों के आधार पर संतुष्ट किया जाएगा।

### 'संविधान किसी जाति या समुदाय की नहीं, सभी की बात करता है'

एसएसपी ने कहा कि भारत का संविधान ₹हम भारत के लोग₹ से शुरू होता है। यह किसी जाति, पंथ या समुदाय की नहीं, बल्कि पूरे देश के लोगों की बात करता है। उन्होंने कहा कि जो भी कार्रवाई की गई, वह अपराधियों के खिलाफ की गई और उसकी आवश्यकता थी।

# जलभराव वाले इलाके का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक

**आबू नाला-2 की कराई सफाई, अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लगातार हो रही बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। वहीं, हालात का जायजा लेने के लिए कैंट विधायक अमित अग्रवाल देर रात नगर आयुक्त के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और बेगमपुल की ओर आने वाले आबू नाला-2 की तत्काल सफाई कराई, जिससे पानी की निकासी शुरू हो सकी। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव की सूचना मिले, वहां बिना देरी किए राहत कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी से बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और जल निकासी व्यवस्था हर हाल में सुचारु रहनी चाहिए। आबू नाला-2 की कराई तत्काल सफाई निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आबू नाला-2 में जमा सिल्ट और कचरा हटवाया। सफाई के बाद पानी की निकासी तेज हुई और आसपास के प्रभावित इलाकों में जलस्तर कम होने लगा। कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र से जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल टीम मौके पर भेजी जाए। उन्होंने कहा कि राहत कार्य में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश

विधायक ने नगर निगम अधिकारियों से कहा कि संवेदनशील इलाकों की लगातार निगरानी की जाए। नालों की नियमित सफाई कराई जाए और जल निकासी व्यवस्था को हर समय सुचारु रखा जाए ।ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# एमआर दामाद ने ससुर की हत्या की

**पत्नी ने साथ चलने से इनकार किया तो भड़का, 15 साल पहले लव-मैरिज की थी**

अमन लेखनी समाचार



अनार सिंह, मृतक

गाजियाबाद , एमआर दामाद ने रात 10:30 बजे ससुर की हत्या कर दी। उसने ससुर के पेट में चाकू से 5 वार किए। बचाने पहुंची पत्नी को धक्का देकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने 3 दिन पहले पत्नी को थप्पड़ मार दिया था। नाराज होकर पत्नी मायके चली गई थी। रात दामाद संदीप पत्नी को मनाने ससुराल पहुंचा, लेकिन पत्नी मोनिका ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। इससे वह भड़क गया और पत्नी से झगड़ा करने लगा। आवाज सुनकर ससुर अनार सिंह ने उसे डांटा और घर से निकलने के लिए कहा। इसी बीच संदीप ने कमर से चाकू निकालकर ससुर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर घरवाले पहुंचे और उन्हें अस्पताल लेकर गए। शुक्रवार सुबह 8 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आरोपी संदीप ने मोनिका से 15 साल पहले लव मैरिज की थी। घटना मोदीनगर के फफराना रोड की है। पहले जानकारी सामने आई थी कि आरोपी संदीप भाजपा नेता है। मोदीनगर के फफराना रोड के रहने वाले अनार सिंह (65) मोदी रबर फैक्ट्री के रिटायर्ड कर्मचारी थे। उनकी 3 बेटियां और एक बेटा है। संदीप चौधरी मूल रूप से बुलंदशहर के शिकारपुर का रहने वाला है। अभी वह मोदीनगर के ब्रह्मपुरी इलाके में रहता है। अनार के बेटे दीपांशु ने पुलिस को बताया, मेरी बहन मोनिका उर्फ मोनू ने संदीप से लव मैरिज की थी। पिछले एक साल से बहन और बहनोई के बीच विवाद चल रहा था। आए दिन संदीप बहन को परेशान करता था। तीन दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी वजह से बहन मायके आ गई थी। इससे जीजा नाराज थे। 'बहन ने साथ चलने से मना किया तो गाली देने लगा' दीपांशु ने बताया, ‖गुरुवार को बारिश हो रही थी, इसलिए गेट बंद था। रात करीब 10:15 बजे संदीप घर आया। उसने शराब पी रखी थी। घर में घुसते ही उसने बहन मोनिका से साथ चलने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद वह गाली-गलौज करने लगा। उस वक्त पापा अनार सिंह और मम्मी शारदा अपने कमरे में थे। शोर सुनकर दोनों बाहर आ गए।

# चंद्रशेखर काफिला रोकने पर भड़के, इंस्पेक्टर ने हाथ जोड़े

**बोले- पुलिस की गुंडागर्दी नहीं चलेगी; ललिता हत्याकांड में परिवार से मिलने जा रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, यूपी के मेरठ में दलित छात्रा ललिता गौतम के परिजनों से मिलने जा रहे सांसद चंद्रशेखर आजाद को सिवाया टोल प्लाजा पर रोक दिया गया। चंद्रशेखर दोपहर करीब 12 बजे पूर्व अऊॠ प्रेम प्रकाश और 300 कार्यकताओं के साथ टोल प्लाजा पहुंचे थे। पुलिस ने टोल प्लाजा पर बैरिकेडिंग कर 400 से ज्यादा जवान तैनात कर दिए। अधिकारियों ने कहा- गांव जाने से माहौल खराब हो सकता है। इस पर चंद्रशेखर अड़ गए। उन्होंने कहा, ‖हम वहां जाकर ही रहेंगे। पुलिस गुंडागर्दी कर रही है। इसके बाद सड़क पर बैठ गए ।‖ मामला बढ़ता देख पुलिस अधिकारियों ने ललिता के परिवार को टोल प्लाजा बुलाने का प्रस्ताव रखा, काफी देर बातचीत के बाद चंद्रशेखर इसके लिए राजी हो गए। इसके बाद पुलिस परिवार को टोल प्लाजा लेकर आई। यहां चंद्रशेखर ने उनसे मुलाकात की ।दरअसल, बीए की छात्रा ललिता गौतम 15 मई को परीक्षा देने निकली थी। दो दिन बाद उसका शव गन्ने के खेत में मिला। परिजनों ने गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। सूचना पर ररढ अविनाश पांडेय पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों को थप्पड़ मारे। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया।

### मुजफ्फरनगर में भी चंद्रशेखर की पुलिस से बहस

इससे पहले, मुजफ्फरनगर के रोहाना टोल प्लाजा पर भी चंद्रशेखर की पुलिस से तीखी बहस हुई थी। सहारनपुर से मेरठ जा रहे उनके काफिले की कुछ गाड़ियों को पुलिस ने रोक लिया। इस पर सांसद गाड़ी से उतर आए और इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह से बहस करने लगे। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में चंद्रशेखर इंस्पेक्टर से कहते हैं- आप बैरियर के आगे क्यों खड़े हैं? आप अपने अधिकारियों के आदेश का पालन कर रहे हैं, लेकिन हम जनता के प्रतिनिधि हैं। आप हमें कैसे रोक सकते हैं? हमने कौन सा अपराध किया ?₹ इस पर हाथ जोड़कर इंस्पेक्टर कहा- हमें जो आदेश मिला है, उसका पालन कर रहे हैं ।मुजफ्फरनगर के रोहाना टोल प्लाजा पर चंद्रेशखर की इंस्पेक्टर की तीखी बहस चंद्रशेखर आजाद की दोपहर करीब 12 बजे मुजफ्फरनगर के रोहाना टोल प्लाजा पर पुलिस से तीखी बहस हुई। सहारनपुर से मेरठ जा रहे उनके काफिले की कुछ गाड़ियों को पुलिस ने रोक लिया। इसके बाद सांसद अपनी गाड़ी से उतर आए। उनकी इंस्पेक्टर से तीखी नोकझोंक हुई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह सांसद के सामने हाथ जोड़कर अपनी बात रखते दिखाई दे रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद उनसे पूछते हैं, ₹आप कार्यकर्ता को गाली क्यों दे रहे हैं?

जवाब में इंस्पेक्टर ने कहा, ‖हमारे यहां कोई गाली नहीं देता। गाली देने का तो सवाल ही नहीं है ।‖ इस पर चंद्रशेखर ने कहा, ₹बबलू चौधरी जाट समाज का बड़ा नेता है।

# दो लोगों से 43 लाख की ठगी

**मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया, पैसा वापस मांगने पर किया इंकार**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने दो लोगों से 43 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों को वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कतर निवेश करने की सलाह दी गई। शुरूआत में छोटे निवेश पर लाभ दिखाकर पीड़ितों का भरोसा जीता गया। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में लगातार रकम जमा कराई गई। पीड़ितों ने मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश की तो ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। दोनों ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है। वाट्सऐप पर किया संपर्क ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसायटी निवासी एक व्यक्ति को वॉट्सऐप नंबर पर पिछले साल अगस्त महीने में वंशिका गिल नाम की महिला ने संपर्क किया। महिला ने उन्हें एक यूपीस्टोक्स नाम के वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़कर घर बैठे ऑनलाइन ट्रेडिंग से अधिक मुनाफा कमाने के बारे में बताया। शुरूआत में छोटे निवेश पर लाभ दिखाकर उनका भरोसा जीता गया पीड़ित ने 29 अगस्त से 9 सितंबर 2025 के बीच अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 13.58 लाख रुपये ठगों के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब मुनाफा और मूल रकम वापस मांगी तो संपर्क तोड़ दिया। उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पहले ट्रेनिंग दी फिर ठगी सेक्टर-22 निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2025 में साइबर अपराधियों ने उन्हें निवेश के नाम पर झांसे में लेकर 29.40 लाख रुपये ठग लिए।

# खुले नाले में गिरा युवक मौत

**ड्यूटी पर जा रहे आर्यन की जान गई, प्राधिकरण का दावा करंट बनी मौत की वज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,बारिश के बीच एक और दर्दनाक हादसा सामने आया है। सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के सेक्टर-57 में ड्यूटी पर जा रहे 28 साल के आर्यन की मौत हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह पानी से भरे खुले नाले में गिर गए, जबकि नोएडा प्राधिकरण का कहना है कि युवक की मौत करंट लगने से हुई है। दरअसल बारिश के चलते नाला पूरी तरह से ओवर फ्लो था। उसमें आर्यन गिरा। सहारा लेने के लिए उसने पोल पकड़ा। जिसमें करंट हो सकता है। इस वजह से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, 9 जुलाई की दोपहर ग्राम चौड़ा, सेक्टर-22 निवासी आर्यन पुत्र संजय कुमार अपने साथी शुभम के साथ ड्यूटी पर जा रहे थे। सेक्टर-57 में बारिश के कारण जलभराव के बीच उनका पैर फिसल गया और वह नाले में गिर गए। शुभम उन्हें तुरंत जिला अस्पताल सेक्टर-39 लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप- नाला खुला था, कोई सुरक्षा नहीं घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नाला खुला था और उसके आसपास न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था। उनका कहना है कि यदि नाले को ढका गया होता या सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए होते तो आर्यन की जान बच सकती थी।

# नोएडा में बारिश बनी आफत

**सेक्टर-12 में 50 फीट लंबी दीवार ढही, मलबे में दबी 4 कारें क्षतिग्रस्त**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, दो दिन तक लगातार हुई बारिश का असर अब दिखने लगा है। यहां एक और बड़ा हादसा सामने आया है। सेक्टर-12 के वाई ब्लॉक में दोपहर को नोएडा प्राधिकरण के खाली प्लॉट से लगी करीब 50 फीट लंबी और 10 फीट ऊंची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार का मलबा नीचे खड़ी 3 से 4 कारों पर आ गिरा, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। यह घटना थाना सेक्टर-24 क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण दीवार कमजोर हो गई थी। कई बार इसकी जर्जर स्थिति को लेकर चिंता जताई गई थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार दीवार ढह गई और लोगों की गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी जुट गए। लोगों ने नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते दीवार की मरम्मत या इसे हटाने का काम किया जाता तो नुकसान टाला जा सकता था। प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद लगातार बारिश से कई स्थानों पर पुराने और कमजोर ढांचे खतरा बनते जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं ओटीपी साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# इनर व्हील क्लब ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए किडनी रोगी की मदद की



अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट (सोनभद्र)। इनर व्हील क्लब रेणुकूट ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए एक जरूरतमंद किडनी रोगी लक्ष्मी जी के एक दिन के डायलेसिस एवं संपूर्ण पौष्टिक आहार का खर्च वहन किया। क्लब की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। इस सेवा कार्य में हिंडालको अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. नीलम त्रिपाठी, डॉ. प्रेमलता यादव, डॉ. ऋषि कुमार तथा डॉ. महेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। सभी चिकित्सकों ने रोगी के उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव संध्या सिंह, पूर्व अध्यक्ष (आई.पी.पी.) उदिता बनर्जी, अर्पणा सूर्यवंशी, पुनीता अस्थाना सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि इनर व्हील क्लब आगे भी जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए इसी प्रकार सामाजिक एवं सेवा कार्य करता रहेगा।

# कल्पवृक्ष व कामधेनु का संरक्षण करें, तभी पृथ्वी बनेगी स्वर्ग : पारस नाथ मिश्र

**पूज्य संत मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज का मना जन्मोत्सव।**

**ईश्वर प्रसाद पीजी एवं लॉ कॉलेज में पौधरोपण व विचार गोष्ठी आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। गुप्त काशी विकास परिषद, उत्तर प्रदेश तथा ईश्वर प्रसाद पीजी कॉलेज एवं ईश्वर प्रसाद लॉ कॉलेज, देवरा राजा (पसही) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पूज्य संत मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज का जन्मोत्सव आध्यात्म, साहित्य और पर्यावरण के समन्वय के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पाँच आम के पौधे रोपित किए गए। इसके उपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। मुख्य अतिथि साहित्यकार पंडित पारस नाथ मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कल्पवृक्ष और कामधेनु समृद्धि एवं जीवन के प्रतीक हैं। यदि हम वृक्षों और गौवंश का संरक्षण करें तो यही पृथ्वी स्वर्ग के समान बन सकती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, माँ सरस्वती एवं स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अध्यक्षता प्रबंध समिति के संरक्षक पंडित हेमनाथ पाण्डेय ने की। स्वागत भाषण डॉ. विमलेश कुमार तिवारी ने दिया और संचालन भोलानाथ मिश्र ने किया। गुप्त काशी विकास परिषद के संस्थापक निदेशक आलोक कुमार चतुर्वेदी ने पूज्य संत के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए परिषद के उद्देश्यों की जानकारी दी। डॉ. विमलेश त्रिपाठी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। साहित्यिक रंग व्यंग्यकार अजय कुमार चतुर्वेदी ने अपनी रचनाओं से हँसाया, तो गीतकार जगदीश पंथी ने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने मुख्य अतिथि पारस नाथ मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि जगदीश पंथी को अंगवस्त्र व स्मृति-चिह्न देकर सारस्वत सम्मान किया। उन्होंने संत महाराज के समाज के प्रति योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुरेश शुक्ल, अनूप तिवारी, बृजेश शुक्ल, राजेश द्विवेदी, मृत्युंजय पाठक, विमलेश कुमार पाठक, गीता मौर्या, बृजेश सिंह पटेल, विनय प्रजापति, विनीत पाण्डेय, संदीप, सरिता सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खास समाचार

# विण्ढमगंज पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विण्ढमगंज संतोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना विण्ढमगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अजय मेहता को दिनांक 10.07.2026 को समय 21:20 बजे दशरथ मोड़ तिराहा, हरनाकछार, थाना विण्ढमगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# सब तक शिक्षा पहुंचे अभियान के तहत इनर व्हील क्लब ने कराया दो बच्चों का प्रवेश



अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट/सोनभद्र। इनर व्हील क्लब रेणुकूट ने अपने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत संचालित सब तक शिक्षा पहुंचे अभियान के तहत एक जरूरतमंद परिवार के दो बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया। क्लब की ओर से बच्चों की एक माह की फीस भी जमा कराई गई, ताकि आर्थिक अभाव के कारण उनकी शिक्षा बाधित न हो। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने परिवार को भविष्य में भी यथासंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और कोई भी बच्चा केवल आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए क्लब निरंतर प्रयासरत है। इस सेवा अभियान में क्लब की अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव संध्या सिंह, उदिता बनर्जी, अर्पणा सूर्यवंशी, विनीता बंसल, अनीता साहनी, रश्मि पवार, प्रीति चौरसिया तथा हनी सोमानी व वेशाली डे ने सक्रिय सहभागिता निभाई। क्लब की इस पहल की क्षेत्र के लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

# डीएम व एसपी द्वारा थाना समाधान दिवस पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पहुंचकर सुनी जनता की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

संत कबीर नगर, जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा थाना समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस के आयोजन पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों के शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिकारीद्वय ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।

# सोनभद्र की छतों पर तेजी से उतर रही बचत की छतरी

**सोनांचल में सौर क्रांति का निरंतर बढ़ रहा दायरा।**

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब तक 3365 लोग हुए लाभान्वित।**

**वित्त वर्ष 2026-27 में 4 हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का है लक्ष्य।**

**सीएम योगी के निर्देश पर आमजन को तेजी से दिलाया जा रहा योजना का लाभ।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। देश में सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन करने वाले सोनभद्र के वाशिंदे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में मुफ्त बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। जिससे बिजली का बिल अब उनकी जेब पर भारी नहीं पड़ रहा है। छतों पर लगने वाली सौर ऊर्जा की यह छतरी अब उनके लिए बचत की छतरी साबित हो रही है। जिले में अब तक 3 हजार से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा योजना के तहत दी जा रही सब्सिडी ने लोगों के घरों तक आसानी से सौर ऊर्जा पहुंचा दी है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अधिकारी योजना के क्रियांवयन पर लगातार जोर दे रहे हैं। सौर क्रांति से जुड़कर अब आमजन का प्रतिमाह आने वाला बिजली का बिल काफी कम हो गया है। यूपीनेडा के परियोजना प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि योजना के तहत जनपद में कुल 3365 घरों में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे प्रतिदिन लगभग 50 हजार यूनिट से अधिक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। बताया कि 2955 लाभार्थियों के खाते में योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी भी पहुंच चुकी है। शेष लाभार्थियों की लंबित सब्सिडी भी जल्द ही अवमुक्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में 4042 घरों को इस हरित क्रांति से जोड़ने का लक्ष्य है जिसके क्रम में अप्रैल-जून माह में 971 लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ा गया।

### डबल सब्सिडी लाभ आमजन के लिए बड़ी राहत

परियोजना प्रभारी ने बताया कि 1 किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर केंद्र सरकार 30 हजार रुपये तथा उत्तर प्रदेश सरकार 15 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दे रही है। इस प्रकार लाभार्थी को कुल 45 हजार रुपये की सहायता प्राप्त होती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट क्षमता के संयंत्र पर केंद्र सरकार की ओर से 60 हजार रुपये तथा प्रदेश सरकार की ओर से 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है। इससे लाभार्थी को कुल 90 हजार रुपये का लाभ मिलता है। 3 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र पर केंद्र सरकार 78 हजार रुपये और उत्तर प्रदेश सरकार अधिकतम 30 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान करती है। इस तरह लाभार्थी को कुल 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध हो सकती है।

# 24 घंटे होती है शराब की बिक्री, महिलाओं और छात्राओं ने उठाई आवाज ; जांच की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार

बस्ती। सल्टुआ गोपालपुर विकासखंड क्षेत्र के भीरिया ऋतुराज बस्ती एवं अमरोली सुमाली टोला रामनगर गांव के आसपास रहने वाले ग्रामीणों ने देसी शराब की दुकान के संचालन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि संबंधित शराब की दुकान पर लोग बैठकर शराब पीते हैं दुकान का संचालन 24 घंटे होता है यह एक बार के रूप में संचालित हो रहा है दुकान खोलने और बंद होने का कोई समय निर्धारित नहीं है जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शराब की दुकान का लाइसेंस भीरिया के नाम से जारी किया गया है, जबकि दुकान का संचालन अमरोली सुमाली टोला रामनगर में किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि सुबह और शाम के समय दुकान के आसपास शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी रहती है। नशे की हालत में कुछ लोगों द्वारा अभद्र भाषा और गाली-गलौज किए जाने से महिलाओं, छात्राओं और बुजुर्गों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में स्थित 100 मीटर की दूरी पर कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी और स्कूलों मंदिर में आने-जाने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शराब की दुकान मुख्य सड़क के किनारे संचालित की जा रही है तथा निकट ही भगवान शंकर के पूजन-अर्चन का स्थल भी है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में धार्मिक स्थल के समीप शराब बिक्री को लेकर भी लोगों में नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि दुकान निर्धारित नियमों एवं आबकारी विभाग के मानकों के अनुरूप संचालित हो रही है तो प्रशासन को इसकी जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वहीं यदि लाइसेंस की शर्तों, निर्धारित समय अथवा संचालन स्थल से संबंधित नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि शराब बिक्री के समय, दुकान के वास्तविक संचालन स्थल तथा आसपास के सामाजिक एवं शैक्षणिक वातावरण पर पड़ रहे प्रभाव का परीक्षण कराया जाए। साथ ही महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते मामले का संज्ञान नहीं लिया तो वे सामूहिक रूप से ज्ञापन देकर उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करेंगे और जनहित में व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

सुबह से हो रही शराब बिक्री की जांच कराई जाए।

लाइसेंस के अनुसार दुकान के वास्तविक संचालन स्थल का सत्यापन किया जाए।

महिलाओं, छात्राओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास संचालित गतिविधियों की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# शिवपुर खूनी संघर्ष में अपराधियों को बचा रही है पुलिस , हबीब खान कहता है मुझे पूरा प्रदेश जानता

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। मऊ थाना अंतर्गत शिवपुर में हाल ही में एक लड़की के मामले को लेकर हुए खूनी संघर्ष में बाकर अली के लड़के अज्जू ने लाइसेंसी राइफल निकाल करके मारने के लिए तान दिया था। सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल होने से बवाल मचा था। बाकर अली के नाम लाइसेंस राइफल थी जिसको उसके लड़के ने झगड़े के दौरान प्रयोग करने की कोशिश किया था। बाकर अली के लड़के हबीब खान का कहना है कि मुझे थाना जानता है मुझे पूरा प्रदेश जानता है। बाकर अली के लड़के हबीब खान व अज्जू लाइसेंसी राइफल की जगह चिडीमार राइफल दिखा करके सोशल मीडिया को गुमराह करके पुलिस को पैसा देकर के अपने को बचा लिया। कल्लू ,जावेद, अशफाक, मुन्ना, शाहिद आदि लोगों पर पुलिस ने कोई कार्रवाई न करने पर उनका मनोबल बढ़ा है। हबीब खान का लुटेरी दुल्हन गैंग से संबंध है जिसके बल पर वह गहने और पैसे लूटने का काम करके पुलिस को हिस्सा देता है। हबीब खान का नाम लुटेरी दुल्हन गैंग के सदस्यों द्वारा ऑडियो में वायरस है जिसमे जिसमें इसकी गलत कारनामों को उजागर किया गया है। हबीब खान का लुटेरी दुल्हन अनीता पाल से अवैध संबंध है जिससे इसके तथा अनीता पाल के पुराने आशिक से लड़ाई के ऑडियो वायरल हैं। कुल मिलाकर के इन अपराधियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने की वजह से यह लोग कई लोगों को जान से मारने की धमकी व परेशान करते रहते हैं। इन लोगों से पीड़ित लोगों ने अधिकारियों के पास न्याय के लिए जाएंगे लेकिन स्थानीय पुलिस इन लोगों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

# नर सेवा नारायण सेवा के तहत बांटी गई खिचड़ी और फल



**लगातार 139 शनिवार से जन सेवा मे सक्रिय समाज का मिल रहा भरपूर सहयोग**

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। सेवा ही संकल्प के उद्देश्य के साथ संचालित नर सेवा नारायण सेवा के तत्वावधान में प्रत्येक शनिवार आयोजित होने वाला निःशुल्क खिचड़ी वितरण कार्यक्रम इस सप्ताह भी निरंतर जारी रहा। लगातार आयोजित इस सेवा अभियान में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विद्याशंकर पाण्डेय के सौजन्य से खिचड़ी एवं फल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने जरूरतमंदों को खिचड़ी वितरित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही सच्ची मानवता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में परस्पर सहयोग, करुणा और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा द्वारा लगातार 139 सप्ताह से किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया। आयोजक मनोज चौबे ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों, समाजसेवियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लोगों के निरंतर सहयोग और विश्वास के कारण ही यह सेवा अभियान बिना किसी बाधा के लगातार 139 शनिवार से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में गौ वसुंधरा के संयोजक हिमांशु कुमार सहित उपस्थित सभी कार्यकताओं को नगर मे किये जा रहे समाजिक कार्यो को लेकर कथावाचक पं दिलीप कृपा भारद्वाज जी द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया इस दौरान पूरी टीम ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और खिचड़ी एवं फल वितरण में सहयोग किया। बड़ी संख्या में जरूरतमंद, राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण कर आयोजकों के इस सेवा भाव की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार के सामाजिक एवं मानवीय प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। नर सेवा नारायण सेवा द्वारा प्रत्येक शनिवार नियमित रूप से किए जा रहे इस सेवा कार्य को स्थानीय नागरिकों का लगातार भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है, जिससे यह अभियान जनसेवा का एक सशक्त उदाहरण बन चुका है। इस मौके पर सुनील तिवारी, रजनीकांत सिंह, ऐडवोकेट दिनेश पाण्डेय,सत्यप्रकाश तिवारी, समाजसेवी अनील सिंह, ओमप्रकाश, विकास चौबे,मिंटू तिवारी,फम्मी केशरी, गोपाल मोदनवाल, विकास दूबे, प्रदीप गिरी, अतूल शुक्ला,सत्यदेव पाण्डेय, रजत कुमार, हिमांशु चौबे, मनीष कुमार, शाहिद हूसैन, प्रींस चौबे के साथ ही आचार्य पं पंकज शास्त्री आदि मौजूद रहे

# थानेसर एलिवेटेड ट्रैक का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। थानेसर शहर के लिए बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना का शुभारंभ 17 जुलाई को जींद से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से इस परियोजना की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों का मानना है कि एलिवेटेड ट्रैक के शुरू होने से शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा और लोगों को जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी।

आल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अश्वनी वालिया, प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा जिला मुख्य सलाहकार, उमेश गर्ग ने बताया कि एलिवेटेड ट्रैक बनने से रेलवे फाटकों पर लगने वाले लंबे जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज होगा। स्थानीय व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना से आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों की आवाजाही भी पहले की अपेक्षा अधिक सुचारु हो सकेगी। जिले के लोगों का कहना है कि यह परियोजना थानेसर और कुरुक्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि शहर के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र सरकार, रेल मंत्रालय तथा सभी संबंधित विभागों का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी कुरुक्षेत्र के विकास के लिए इसी प्रकार की जनहितकारी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# थाना पहाड़ी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में यामीन अहमद क्षेत्राधिकारी राजापुर की उपस्थिति में थाना पहाड़ी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए एवं समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जमीन सम्बन्धित विवाद में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

मुंबई। ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

लाइफ Style


# प्रियंका

## 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।




हॉलीवुड मसाला



## शादी के बाद पहली बार दिखे


लॉस एंजिल्स। कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।





## 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



## रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

## 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके सामाज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।

टीवी मसाला

## जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से।



शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआती दिनों में जेबखर्च के लिए कई छोटे-मोटे काम भी किए उन्हें धीरे-धीरे विज्ञापनों में काम मिलने लगा।

***'बिग बॉस 13' साबित हुआ टर्निंग प्वॉइंट*** : पारस ने 'स्प्लिट्सविला 5' की कामयाबी के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 'वी द सीरियल' में दिखे और साल 2015 में दोबारा 'स्प्लिट्सविला 8' का हिस्सा बने। उन्होंने टीवी सीरियल्स का रुख किया और 'बढ़ो बहू', 'आरंभ', 'कलीरें' और 'अघोरी' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। 'विघ्नहर्ता गणेश' सीरियल में निभाया गया उनका रावण का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया, जब उन्होंने 'बिग बॉस 13' में एंट्री ली। वे शो में टॉप 6 तक पहुंचे और फिनाले के दिन 10 लाख का सूटकेस लेकर शो से बाहर आ गए।

## सिद्धार्थ की फिल्म 'वन' की बदली रिलीज तारीख

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' अब 28 अगस्त को नहीं आएगी। निर्माता बालाजी मोशन पिक्चर्स ने एक मोशन पोस्टर



जारी करते हुए इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के अवसर पर सिनेमाघरों में आनी थी। चूंकि उसी हफ्ते में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक रिलीज हो रही हैं। इस टकराव से बचने के लिए ये फैसला लिया गया है। निर्माता एकता कपूर ने 'वन' का एनिमेटेड मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें त्रिशूल लिए एक व्यक्ति खूंखार बाघ और नंदी से घिरा हुआ है। उसके चारो ओर बिजली की कड़क दिखाई गई है। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।' फिल्म में सिद्धार्थ के साथ तमन्ना भाटिया मुख्य किरदार में हैं। यह अब 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

## राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

***'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार'***: कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



***'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2'*** : भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

***'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री'*** : हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

## सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।***

### 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



### 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

### 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।

## 'धमाल 4' के आगे 'अल्फा' ने टेके घुटने 2 करोड़ रुपए कमाने में भी छूटे पसीने...

### 'धमाल 4' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

'धमाल 4' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख भी अहम भूमिका में हैं।


*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार यानी 10 जुलाई को अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' रिलीज हुई। फिल्म ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। भले ही फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पहले दिन कमाई के मामले में इसने बाजी मार ली है। आलम ये है कि फिल्म के आगे आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' पूरी तरह पस्त हो गई है। आइए जानें दोनों फिल्मों की कमाई।*




### 'धमाल 4' की आंधी में उड़ी 'अल्फा'

'धमाल 4' के रिलीज होते ही आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' की कमाई को बड़ा झटका लगा है। पहले हफ्ते में 47.45 करोड़ कमाने वाली ये फिल्म अपने आठवें दिन (दूसरे शुक्रवार) बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आई। फिल्म आठवें दिन 2 करोड़ भी नहीं कमा सकी और महज 1.65 करोड़ रुपये पर सिमट गई। इसके साथ ही 'अल्फा' का 8 दिनों का कुल कारोबार 49.10 करोड़ रुपये हो गया है।

## धनुष और वेत्रिमारन की ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी, 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो रिलीज



मुंबई। साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो जारी कर दिया है। इस प्रोमो के सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। ये फिल्म अरिवुम्थी की एक चर्चित किताब पर आधारित है, जो तमिल इतिहास के एक बेहद महान और शक्तिशाली नेता की कहानी को बयां करती है। इस ऐतिहासिक नायक का विशेष जिक्र तमिलों के प्राचीन संगम साहित्य में भी मिलता है। इन फिल्मों में साथ काम कर चुके धनुष और वेत्रिमारन साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और दिग्गज निर्देशक वेत्रिमारन एक बार फिर इतिहास दोहराने के लिए तैयार हैं। ये पांचवीं बार है, जब ये सुपरहिट जोड़ी किसी फिल्म के लिए एक साथ आई है। इससे पहले यह जोड़ी 'पोलधवन', 'आदुकलम', 'वडा चेन्नई' और 'असुरन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी है, जिन्होंने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई की, बल्कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किए।